RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 28 | जयपुर सोमवार, 27 जुलाई 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

सीएम का निर्देश

## पेपर लीक रोकने मप्र में बनेगा सख्त कानून

### अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई, सार्वजनिक परीक्षा संबंधी कानून बनाने की तैयारी

● भोपाल

मप्र सरकार पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संबंधी सख्त कानून बनाने जा रही है। प्रस्तावित कानून में पेपर लीक, सॉल्वर गैंग, दूसरे की जगह परीक्षा देने, डिजिटल माध्यम से नकल और संगठित परीक्षा अपराधों के लिए कड़ी सजा, आर्थिक दंड, संपत्ति कुर्की, त्वरित जांच और अभियोजन का प्रावधान होगा। ऐसे मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को अधिकारियों के साथ बैठक में इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लंबे समय से प्रयास चल रहे हैं। परीक्षा में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए कड़ा कानून इसका प्रमुख अंश है। उधर, सामान्य प्रशासन विभाग राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के नियम में परिवर्तन करने की तैयारी कर चुका है।

(शेष पेज 8 पर)

### एक जैसी पात्रता वाले पदों के लिए होगी एक परीक्षा

**कर्मचारी** चयन मंडल हो या फिर राज्य लोक सेवा आयोग, एक जैसी पात्रता वाले पदों के लिए अलग-अलग चयन परीक्षा आयोजित नहीं करेंगे। समान पदों का एक समूह बनाया जाएगा और वर्ष में केवल एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसका लाभ यह होगा कि अभ्यर्थियों को बार-बार एक जैसी परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं होगी।

▶ पेपर लीक पर प्रधानमंत्री ने जारी किया नया वीडियो संदेश

# पीएम का ऐलान, परीक्षा सुधारों पर बनेगी हाई पावर टास्क फोर्स

### इस टास्क फोर्स की अगुवाई नंदन नीलेकणि करेंगे, ये फोर्स परीक्षा पद्धति को भरोसेमंद, पारदर्शी व एडवांस टेक्नोलॉजी युक्त बनाने का काम करेगी

● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा सुधारों के लिया बड़ा फैसला किया है। उन्होंने बताया कि दिग्गज टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट नंदन नीलेकणि की अगुवाई में एक हाई पावर टास्क फोर्स बनेगी जो परीक्षा व्यवस्था में सुधार लाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को एक बार फिर इंस्टाग्राम पर आए और परीक्षा सुधारों को लेकर एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों के भविष्य के लिए भारत सरकार लगातार कई कदम उठा रही है। जिन लोगों ने विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, वो जेलों में सड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे बताया कि हम फास्ट ट्रैक कोर्ट बना चुके हैं और संसद में सख्त प्रावधानों के साथ नया कानून बनाने की



दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमें भविष्य के बारे में सोचना होगा। पीएम मोदी ने कहा, हमारी परीक्षा पद्धति को भरोसेमंद, पारदर्शी और एडवांस टेक्नोलॉजी से युक्त होनी चाहिए।


### कौन-कौन होंगे कमेटी का हिस्सा

**इस** टास्क फोर्स में कई क्षेत्रों के दिग्गज और डोमेन विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। ये हाई लेवल कमेटी परीक्षा कराने के तरीकों, तकनीकी सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और प्रशासनिक ढांचे को बेहतर बनाने के लिए अपनी सिफारिशें और मार्गदर्शन देगी। इसमें तकनीक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि, पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ, पूर्व आईबी निदेशक तपन डेका, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनिता करवाल और रसद और प्रबंधन विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा शामिल हैं।

### कौन हैं नंदन नीलेकणि



**नंदन** नीलेकणि टेक्नोलॉजी क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी हैं। उन्हें इन्फोसिस के सह-संस्थापक और आधार कार्ड के जनक के रूप में जाना जाता है। उनका पूरा नाम नंदन मोहनराव निलेकणि है। 2 जून 1955 को कर्नाटक के बेंगलुरु में जन्मे नंदन निलेकणि आईआईटी बॉम्बे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं। साल 1981 में नंदन निलेकणि ने इन्फोसिस की स्थापना में एन. आर. नारायण मूर्ति और छह साथियों के साथ अहम भूमिका निभाई। ये कंपनी आगे चलकर भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में शामिल हुई। वो 2002 से 2007 तक इन्फोसिस के सीईओ और एमडी रहे। बाद में 2017 में कंपनी के चेयरमैन के रूप में भी लौटे। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2009 में उन्हें यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) का चेयरमैन नियुक्त किया। उनके नेतृत्व में आधार प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिसके तहत भारत के निवासियों को 12 अंकों की पहचान संख्या दी गई। आज आधार को दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल आइडेंटिफिकेशन सिस्टम में से एक माना जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने नंदन निलेकणि को बेंगलुरु दक्षिण सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें बीजेपी के अनंत कुमार के हाथों दो लाख से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।



## मीराबाई की गोल्डन हैट्रिक

### वेटलिफ्टिंग क्वीन मीराबाई चानू ने गोल्ड मेडल जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स में रच दिया इतिहास

● ग्लासगो

भारत की स्टार भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर) और ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने एक बार फिर पूरे देश का दिल जीत लिया है। ग्लासगो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मीराबाई ने महिलाओं की 48 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। उनके दमदार खेल की बदौलत भारत की झोली में गोल्ड मेडल आ गिरा है।

इस जीत के साथ ही मीराबाई चानू ने इन खेलों में लगातार तीन गोल्ड मेडल जीतकर अपनी गोल्डन हैट्रिक पूरी कर ली है। यानी लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में सिर्फ और सिर्फ भारत का राष्ट्रगान गूंजा है। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में मीराबाई चानू ने 85 किलोग्राम का वजन उठाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। मीराबाई ने अपनी तीसरी कोशिश में बेहद आसानी से 85 किलोग्राम वजन उठा लिया और एक नया कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड कायम कर दिया।

### ऋषिकांत की चांदी



**ऋषिकांत** सिंह ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को पहला सिल्वर मेडल दिला दिया है। ग्लासगो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स के चौथे दिन 26 जुलाई रविवार को भारत के नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई। मणिपुर के वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह चनामबम ने पुरुषों के 60 किलोग्राम भारोत्तोलन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ऋषिकांत ने कुल 264 किग्रा वजन उठाकर भारत को पोडियम पर जगह दिलाई। इस दमदार प्रदर्शन के साथ ही उन्होंने स्नैच राउंड में 121 किग्रा का भार उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड भी कायम किया। प्रतियोगिता की शुरुआत से ही मणिपुर के इस लिफ्टर ने अपना दबदबा बनाए रखा।

## यूसीसी समान अधिकारों की दिशा में ऐतिहासिक कदम

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवाड़ी में 109 करोड़ रुपए की लागत के 44 कार्यों का किया लोकार्पण

● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, युवा, नारी और किसानों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही राज्य सरकार का उद्देश्य है। इसी भाव से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जा रही है। विधानसभा में मप्र समान नागरिक संहिता विधेयक-2026 पारित हो चुका है।

### कहा- किसान कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है

माताओं-बहनों और बेटियों को समान अधिकार और सुरक्षा देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री रविवार को निवाड़ी में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निवाड़ी में 109 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 44 कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 25 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बने नए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन और लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से बने 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय का लोकार्पण शामिल था। उन्होंने 84 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने ओरछाधीश रामराजा सरकार को नमन करते हुए कहा कि हम निवाड़ी में रामराज्य की स्थापना के पथ पर अग्रसर हैं। टीकमगढ़ से अलग कर निवाड़ी को नया जिला बनाया गया है। यहां विकास की अनन्त संभावनाएं हैं।

## दिपके बोले, आंदोलन खत्म हुआ, लड़ाई नहीं



### अभिजीत दिपके ने कहा, अब उसका फोकस आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाने पर

**नई दिल्ली, आरएनएन।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भले ही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने अपना 36 दिनों तक चला देशव्यापी आंदोलन खत्म कर दिया हो, लेकिन संगठन के नेताओं का कहना है कि आंदोलन अभी समाप्त नहीं हुआ है।

उनका कहना है कि यह सिर्फ एक बड़े मिशन की शुरुआत है। अब संगठन का ध्यान शिक्षा सुधारों और युवाओं के विभिन्न मुद्दों को जमीनी स्तर तक ले जाने पर है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने कहा कि संगठन जल्द ही अपनी अगली रणनीति की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा, आंदोलन कल ही खत्म हुआ है, हमें थोड़ा समय दीजिए। जल्द ही आगे की योजना बताएंगे।

### राजनीति में आने से इनकार नहीं

**हालांकि** सीजेपी ने फिलहाल अपना ध्यान आंदोलन के विस्तार पर केंद्रित बताया है, लेकिन संगठन के नेता आशुतोष रांका ने भविष्य में राजनीति में आने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या कॉकरोच जनता पार्टी भविष्य में राजनीतिक दल बन सकती है, तो उन्होंने कहा, सार्वजनिक जीवन और राजनीति में मैंने एक बात सीखी है- कभी ना मत कहिए।

## सीजेपी के बाद अब मैदान में आई ई20 जनता पार्टी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** ई20 पेट्रोल। नाम तो सुना ही होगा। बीते दिनों जंतर-मंतर पर हुए भूख हड़ताल, अनशन और जेन-जी के आंदोलनों के बीच ये नाम चर्चा से बाहर हो गया था। लेकिन एक बार फिर से इथेनॉल ब्लेंडेड फ्यूल सुर्खियों में है। पहले कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। जिसका नतीजा रहा कि, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। अब सोशल मीडिया पर एक नई पार्टी उतर आई है। नाम है ई20 जनता पार्टी। मांग सिर्फ एक है। देश के लोगों को ई20 के साथ 100 प्रतिशत शुद्ध पेट्रोल खरीदने का भी विकल्प मिलना चाहिए।

### केवल एक मांग, कारों पर एक्सपेरिमेंट नहीं 100% पेट्रोल चाहिए

## NTA अधिकारियों को प्रह्लाद जोशी का समन

### जिम्मेदारी संभालते ही एक्शन मोड में दिखे

● नई दिल्ली / आरएनएन

नीट पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने वाले देश के नए शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। रविवार को पद संभालने के बाद प्रह्लाद जोशी ने टॉप अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की। इसके अलावा शिक्षा मंत्री ने एनटीए को भी समन भेजा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जोशी ने रविवार शाम को अपने घर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों की एक



अलग मीटिंग बुलाई है। प्रह्लाद जोशी रविवार सुबह कर्तव्य भवन पहुंचे, जिसमें शिक्षा मंत्रालय है और वहां उन्होंने अपना नया पदभार संभाला। नया पोर्टफोलियो मिलने के बाद प्रह्लाद जोशी ने रिव्यू मीटिंग ली।

### सदन में जोशी के सामने 41 सवाल

**बता** दें कि सोमवार को सदन फिर से शुरू होगा। इससे पहले ही शिक्षा मंत्रालय के लिए 41 सवाल लिस्ट कर दिए गए हैं। स्टार वाले सवालों के लिए मिनिस्टर को मेंबर्स के पूछे गए सप्लीमेंट्री सवालों का ओरल जवाब देना होता है, जबकि अनस्टार वाले सवालों का जवाब सिर्फ लिखकर दिया जाता है। हालांकि जोशी कल हाउस में मौजूद रहेंगे, लेकिन अगर लोकसभा क्वेश्चन आवर के दौरान चलती है तो वह अपने दो डेप्युटी के साथ स्टार वाले सवालों का जवाब देंगे।

## राहुल गांधी ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** दिल्ली में 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज और बल प्रयोग को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध बल प्रयोग किया और पूरे मामले में जवाबदेही तय की जानी चाहिए। 25 जुलाई 2026 को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि छात्र निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय उन पर कथित तौर पर घातक हथियारों और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया. उन्होंने दावा किया कि इस कार्रवाई में सैकड़ों छात्र घायल हुए और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ भी कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया।

### पूछा, छात्रों पर पैलेट गन चलाने की मंजूरी किसने दी

## संसद मार्च मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में आरोप है कि नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने ज्यादती की। ये याचिकाएं 20 जुलाई के संसद मार्च से जुड़ी है, जिसे कॉकरोच जनता पार्टी ने आयोजित किया था।


27 जुलाई की कॉज लिस्ट के मुताबिक, इन याचिकाओं को सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच में रखा जाएगा। सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 24 जुलाई को इन याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन ने बेंच से कहा था, पुलिस छात्रों के खिलाफ बहुत ज्यादा बल प्रयोग कर रही है।

बड़ा खुलासा — एक्टर की कथित गर्लफ्रेंड अनीता आडवाणी ने कहा, यह खबर उनके लिए एक सदमे की तरह थी

# फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को लिया गया था गोद

● नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना अपनी चकाचौंध और ग्लैमर के पीछे, एक ऐसा भावनात्मक जख्म छिपाए हुए थे, जिसे उसने कभी दुनिया को नहीं दिखाया। हाल ही में एक बातचीत में एक्टर की कथित गर्लफ्रेंड अनीता आडवाणी ने सुपरस्टार के उस संवेदनशील पहलू के बारे में बताया जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं।



एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए, अनीता ने बताया कि राजेश खन्ना को गोद लिया गया था और यह खबर उनके लिए एक सदमे की तरह थी। सुपरस्टार की अपनी सगी बहन से मुलाकात को याद करते हुए आडवाणी ने कहा, वह अपनी सगी बहनों या परिवार के करीब नहीं थे। एक बार उनकी बहन उनसे मिलने आईं और उन्होंने पूछा, वह कौन है? उनके बीच कोई खास इमोशनल जुड़ाव नहीं था। अनीता ने इस बारे में भी बात की कि राजेश खन्ना हर किसी पर शक करते थे। इस बारे में बात करते हुए अनीता ने कहा, उन्हें हर किसी पर शक होता था। अगर आप मुझसे मनोवैज्ञानिक नजरिए से पूछें, तो मुझे लगता है कि लोगों से उनका भरोसा उठ गया था। पहले तो उन्हें गोद लिया गया था। फिर रिश्तों में उन्हें धोखा मिला। इंडस्ट्री के दोस्तों ने भी उन्हें धोखा दिया। जिन लोगों की उन्होंने मदद की और सफल बनाया, वे भी आखिर में उनके खिलाफ हो गए।वह हर किसी पर शक करने लगे थे।

अनीता के अनुसार, कई लोगों को लगता था कि समय के साथ खन्ना का स्वभाव मुश्किल हो गया था, लेकिन उनका मानना है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि लोगों से उनका भरोसा उठ गया था। आडवाणी ने कहा, लोग पूछते हैं कि उनके व्यक्तित्व में इतने बदलाव क्यों आए, वे इतने मुश्किल स्वभाव के क्यों हो गए। उनकी जिंदगी की शुरुआत ही एक मुश्किल मोड़ से हुई थी। उन्हें गोद लिया गया था, और जब उन्हें इस बारे में पता चला, तो यह उनके लिए बहुत बड़ा सदमा था।

### राजेश खन्ना थे हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार

**राजेश** खन्ना हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक थे और उन्हें व्यापक रूप से भारत का पहला सुपरस्टार माना जाता है। उन्होंने आखिरी खत (1966) से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की और आराधना, आनंद, कटी पतंग, अमर प्रेम, हाथी मेरे साथी और सफर जैसी फिल्मों से फेम हासिल की। अपने फिल्मी करियर के अलावा, राजेश खन्ना राजनीति में भी आए और 1992 से 1996 के बीच नई दिल्ली से सांसद रहे। उन्होंने एक्ट्रेस डिंपल कपाड़िया से शादी की थी और उनकी दो बेटियां हैं - ट्विंकल खन्ना और रिंकी खन्ना। राजेश खन्ना का 2012 में 69 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने अपनी शोहरत के शिखर पर कुछ साल लोगों के प्यार और सम्मान के बीच बिताए और फिर अपनी बाकी जिंदगी अलग-अलग रूपों में उसी शोहरत को पाने की कोशिश में गुजारी।

## सूर्यवंशी ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, आरएनएन।** वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में 81 रन की पारी खेली और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। वैभव की इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया और वो पुरुष क्रिकेट में भारत की तरफ से किसी भी प्रारूप में सबसे कम उम्र प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### सबसे कम उम्र में प्लेयर ऑफ द मैच व सीरीज जीतने वाले भारतीय बने

# छात्रों के समर्थन में निम्बाहेड़ा में निकला ऐतिहासिक मशाल जुलूस, गूंजी न्याय और शिक्षा सुधार की मांग

## पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना के आह्वान पर एनएसयूआई, युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस परिवार का प्रदर्शन, हाथों में तिरंगा और मशाल लेकर निकले सैकड़ों कार्यकर्ता

### मोमबत्तियां जलाकर मौन रख दिवंगत NEET विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रगान के साथ हुआ जुलूस का समापन






स्मार्ट हलचल

**निम्बाहेड़ा।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज अभियान' के तहत तथा जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता के विरोध में शनिवार सायंकाल निम्बाहेड़ा नगर में कांग्रेस परिवार द्वारा एक विशाल, अनुशासित एवं ऐतिहासिक मशाल जुलूस निकाला गया। राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मशाल जुलूस का नेतृत्व छोटीसादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान विक्रम आंजना ने किया। मशाल जुलूस का शुभारंभ पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से हुआ। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, छात्र-युवा एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एकत्रित हुए। सभी कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा एवं प्रज्ज्वलित मशाल लेकर अनुशासित कतारों में नगर के प्रमुख मार्गों जैसे डाक बंगला रोड, नवाबगंज, रामद्वारा, मोती बाजार, चित्तौड़ी दरवाजा, कैंची चौराहा, परशुराम सर्किल, मंडी चौराहा, गर्ल्स स्कूल, बापू बस्ती, विवेकानंद सर्किल से होते हुए कल्याण चौक पहुंचे। पूरे मार्ग में देशभक्ति से ओतप्रोत गीत गूंजते रहे तथा छात्र हित, शिक्षा में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक अधिकारों के समर्थन में जोशीले नारे लगाए गए। मशालों की रोशनी और तिरंगों की शान से नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं जनजागरण की भावना से सराबोर दिखाई दिया। कल्याण चौक पर आयोजित सभा में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के संदेश पढ़कर सुनाया गया जिसमें उन्होंने कहां की देश का युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और उसकी आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता। विद्यार्थियों को सुरक्षित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। दिल्ली में लगभग 36 दिनों तक चले आंदोलन का अंत तब ही हुआ जब केंद्र सरकार को अपना घमंड छोड़ते हुए शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने एवं शिक्षा का राजनीतिकरण करने वाले प्रमुख चेहरे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मंत्री पद से हटाना पड़ा जो लोकतंत्र सहित युवा शक्ति की जीत है। आंजना ने कहा कि आज भी महात्मा गांधी की नीतियां सार्थक है जहां अहिंसा के दम पर घमंडी एवं शक्तिशाली सरकार को हराया जा सकता है जिसे देश के युवाओं ने सिद्ध किया, क्योंकि जब दिल्ली में 20 जुलाई को भाजपा सरकार ने युवाओं पर लाठी चार्ज किया तो यह भ्रम फैलाया गया कि अब यह आंदोलन समाप्त हो जाएगा परंतु उस दमनकारी कार्यवाही के बाद तो देश के युवाओं में एक अलग ही ऊर्जा का संचार हुआ और हर तहसील, कस्बे में युवाओं ने अपने-अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया जिसमें हमारे निम्बाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी के युवा भी प्रमुख रहे, जिन्होंने सोशल मीडिया से लेकर जमीन पर शानदार तरीके से सरकार की नीतियों का विरोध किया जिसका परिणाम आज देश के सामने है। अन्य वक्ताओं ने भी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने की मांग की। सभा में वक्ताओं ने जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक एवं छात्र को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार प्राप्त है। छात्रों के साथ कथित पुलिस कार्रवाई एवं व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई गई। साथ ही NEET परीक्षा से जुड़े प्रकरणों में निष्पक्ष जांच तथा प्रभावित विद्यार्थियों और उनके परिजनों को न्याय दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान NEET पेपर लीक प्रकरण से प्रभावित एवं जान गंवाने वाले विद्यार्थियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत विद्यार्थियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने तथा विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। मशाल जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने छात्र हितों एवं शिक्षा में पारदर्शिता के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, उनकी आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता। शिक्षा, सम्मान और न्याय प्रत्येक छात्र का अधिकार है।' पूरे आयोजन में अनुशासन, एकजुटता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार, विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा, युवाओं के भविष्य की सुरक्षा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम की तैयारी में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई परिवार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनता, कांग्रेसजन, नगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, आदिवासी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एससी प्रकोष्ठ, स्थानीय निकाय विभाग, राजीव गांधी पंचायती राज विभाग, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# काछोला में रक्तदान शिविर, 83 यूनिट रक्त संग्रहित

### 18 रक्तदाताओं ने दुर्लभ रक्त समूह का किया दान, युवाओं और प्रथम बार रक्तदान करने वालों में दिखा उत्साह

स्मार्ट हलचल

**काछोला** - युवा हेल्पलाइन ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में काछोला के माहेश्वरी भवन में आयोजित 19वें रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 83 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में 18 रक्तदाताओं ने दुर्लभ रक्त समूह का रक्तदान किया। जबकि 12 से अधिक युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर में वरिष्ठ नागरिक सूरतराम गगरानी, भेरूलाल मंत्री, सत्यनारायण डागा एवं डॉ. एन.के. सोनी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। दो दंपतियों ने संयुक्त रूप से रक्तदान किया। वहीं 16 रक्तदाताओं ने 18वीं से 24वीं बार रक्तदान कर नियमित रक्तदाता होने का उदाहरण प्रस्तुत किया। सेजल पुत्री गोपाल मालू ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पहली बार रक्तदान किया। शिविर के सफल आयोजन में युवा हेल्पलाइन ग्रुप के गोपाल मालू, अरविंद डागा, लोकेश वैष्णव, मुरली मनोहर मूंदड़ा, संजय पारीक, सिंकू गगरानी, रमेश मंत्री, सुशील सोमानी, नरेश पारीक, प्रीतम सोनी, शिवकुमार सोडाणी, विनय मालू, पवन पारीक एवं अक्षत जागेटिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। रक्त संग्रहण कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक, भीलवाड़ा की टीम ने हेमंत गर्ग के नेतृत्व में किया। शिविर के अंत में युवा हेल्पलाइन ग्रुप काछोला ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं ब्लड बैंक टीम का आभार व्यक्त किया।




# गुर्जर गॉड ब्राह्मण समाज के चुनाव हुए संपन्न,शर्मा बने अध्यक्ष,पत्रिया बने उपाध्यक्ष



स्मार्ट हलचल

**जहाज़पुर** आज गुर्जर गॉड ब्राह्मण समाज जहाजपुर कि आज बैठक हुई,बैठक में चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद पर योगेश पत्रिया कोषाध्यक्ष पद पर,चंद्र प्रकाश पंचोली व सचिव पद पर पंकज शर्मा को निर्विरोध घोषित किया गया उसके बाद में अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने अपने फार्म भरे जिसमें से एक उम्मीदवार ने अपना फॉर्म हटा लिया इसके बाद में अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र शर्मा और भगवान पंचोली के बीच में मुकाबला रहा चुनाव समिति के प्रभारी चंद्र प्रकाश पंचोली व उनके चुनाव सहायक सत्येंद्र पंचोली, महावीर शर्मा, विनोद पत्रिया,राधेश्याम पंचोली, ज्योति प्रकाश ने चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाई चुनाव 2:00 बजे से 5:00 बजे तक वोटिंग प्रक्रिया पूरी हुई उसके बाद में चुनाव प्रभारी ने नरेंद्र शर्मा को 21 वोट से विजेता घोषित किया इसके साथ समाज के संरक्षण मंडल भी निर्वाचित घोषित किया जिसमें सत्येंद्र पंचोली, राधेश्याम पंचोली, बालेंद्र आर्य, आलोक पंचोली, महेंद्र उपाध्याय, ओम काटिया, भंवर बंड़ेला इन सभी को गौतम समाज के प्रतिनिधियों ने नव कार्यकारिणी को साफा व माला पहनकर उनका स्वागत सम्मान किया

# हथियार रिपेयरिंग की आड़ में चल रहा था अवैध हथियारों का कारोबार

## ब्यावर DST व रायपुर पुलिस ने आरोपी को दबोचा

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/रायपुर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम (ष्ठस्ञ्ज) ब्यावर और रायपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हथियार रिपेयरिंग की आड़ में अवैध हथियारों का निर्माण व मरम्मत करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध बंदूक भी जब्त की है।

**मुखबिर की सूचना पर दुकान पर छापा**

ब्यावर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जेनिया एवं रायपुर वृताधिकारी बंशीलाल पाण्डर के सुपरविजन में पुलिस टीम लगातार असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए हुए थी। 24 जुलाई को ष्ठस्ञ्ज टीम को सटीक सूचना मिली कि सांखलो का बास (रायपुर) निवासी मुराद बक्श (48) अपनी बंदूक रिपेयरिंग की दुकान पर अवैध व क्षतिग्रस्त हथियारों को ठीक कर रहा है। इस सूचना पर ष्ठस्ञ्ज ब्यावर और थाना रायपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने दुकान पर दबिश दी, जहाँ आरोपी एक बंदूक की मरम्मत करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

**मामला दर्ज, अनुसंधान जारी**

रायपुर थाना पुलिस ने आरोपी मुराद बक्श पुत्र सत्तार बक्श के खिलाफ प्रकरण संख्या 135/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 व 5/25 में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह हथियार किसके लिए तैयार कर रहा था और पूर्व में किन-किन लोगों को ऐसे हथियार सप्लाई कर चुका है।



**कार्रवाई करने वाली पुलिस टीमः**

इस पूरी कार्रवाई में रायपुर थानाधिकारी राजूराम (पु.नि.) एवं DST प्रभारी राज दीपेंद्र सिंह (पु.नि.) के नेतृत्व में एएसआई रामजस मीणा, एएसआई जितेंद्र सिंह, एएसआई कैलाश चंद, हेड कॉन्स्टेबल भवानी सिंह तथा कॉन्स्टेबल सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र व होनाराम की मुख्य भूमिका रही।

# रोडवेज को मिलीं 144 नई ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें, सीएम ने दिखाई हरी झंडी

स्मार्ट हलचल

**(हरिप्रसाद शर्मा) जयपुर/** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) के बेड़े में रविवार को 144 नई ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें शामिल हो गईं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल पहुंचकर पूजा-अर्चना के बाद इन बसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न डिपो के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, रोडवेज और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। नई बसों को प्रदेश के 22 डिपो को आवंटित किया गया है। इनके संचालन से विभिन्न जिलों के बीच बस सेवाओं का विस्तार होगा और यात्रियों को कम किराए में बेहतर, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी। साथ ही कई प्रमुख रूटों पर बसों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

**आधुनिक तकनीक से लैस हैं नई बसें**

रोडवेज की नई ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें BS-VI मानक के इंजन से लैस हैं। इनमें यात्रियों की सुविधा के लिए मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, एलईडी गंतव्य डिस्प्ले बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ECU) और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (VLTS) लगाया गया है। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बस में पैनिक बटन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से हर बस में दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



**सुरक्षित और आरामदायक सफर पर जोर**

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, नई बसों के संचालन का उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और तकनीक आधारित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। VLTS के माध्यम से बसों की रियल-टाइम निगरानी की जा सकेगी, जबकि पैनिक बटन के जरिए आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक आधुनिक, सुरक्षित और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नई बसों के शामिल होने से प्रदेश के विभिन्न जिलों के बीच कनेक्टिविटी और बेहतर होगी तथा यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण यात्रा सुविधा मिलेगी।

# डामर के पेचवर्क ने खोली गुणवत्ता की पोल, आर के कॉलोनी में एक दिन भी टिक नहीं पाया पेचवर्क, ठेकेदार ने की केवल खानापूर्ति

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** शहर के आर.के. कॉलोनी, सत्यम काम्प्लेक्स रोड वार्ड संख्या 33 में सड़क पर किया गया डामर का पेचवर्क गुणवत्ता की पोल खोल रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह पेचवर्क एक दिन भी नहीं टिक पाया और जगह-जगह से उखड़ने लगा। क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है और यह केवल खानापूर्ति के उद्देश्य से किया गया प्रतीत होता है । व्यापारियों ने संबंधित ठेकेदार को इस कार्य का भुगतान नहीं किए जाने की भी मांग की है, ताकि सरकारी धन की बर्बादी पर रोक लग सके और भविष्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो। यदि सड़क मरम्मत का कार्य जनता के टैक्स के पैसे से हो रहा है, तो उसकी गुणवत्ता भी निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। घटिया निर्माण सामग्री और लापरवाही से किया गया कार्य न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। संबंधित विभाग से मांग है कि इस कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए, जिम्मेदार ठेकेदार एवं अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा मानकों के अनुरूप दोबारा गुणवत्तापूर्ण सड़क के पेच वर्क का कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जांच पूरी होने तक संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोका जाए।



# सात दिन से लापता फाइनेंसर की निर्मम हत्या

## सीमेंट के पोल से बांधकर कुएं में फेंका शव, इलाके में सनसनी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के बागोर थाना क्षेत्र में रविवार को एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। सात दिनों से लापता 78 वर्षीय फाइनेंसर शोभाराम जैन का शव मदनपुर गांव के समीप एक कुएं से बरामद हुआ। हत्यारों ने वारदात को अंजाम देने के बाद शव को पानी में डुबाए रखने के लिए उनके हाथ-पैर बांधकर खेतों की बाड़बंदी में उपयोग आने वाला भारी सीमेंट का पोल बांध दिया, ताकि शव लंबे समय तक पानी की सतह पर न आ सके। इतना ही नहीं, उनके मुंह पर भी कपड़ा बांध दिया गया था। शव मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस के अनुसार, बागोर थाना क्षेत्र के बावलास गांव निवासी शोभाराम जैन 19 जुलाई से लापता थे। वे अपनी पत्नी एवं कुछ परिचितों के साथ पाली जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ सिरियारी दर्शन के लिए गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए, लेकिन शोभाराम जैन घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर मुंबई में रहने वाले उनके पुत्र भैरूलाल जैन गांव पहुंचे और 22 जुलाई को बागोर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। रविवार सुबह मदनपुर गांव के पास सड़क किनारे स्थित एक कुएं में ग्रामीणों की नजर पानी में तैरते शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही बागोर थानाधिकारी बच्छराज पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। शव गहरे पानी में फंसा होने के कारण उसे बाहर निकालने के लिए जेसीबी और क्रेन की सहायता ली गई। करीब दोपहर दो बजे परिजनों की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। शव की स्थिति देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति सन्न रह गया।






प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हत्यारों ने पहले शोभाराम जैन के हाथ-पैर मजबूती से बांधे और फिर उनके साथ भारी सीमेंट का पोल बांधकर कुएं में फेंक दिया। इस पूरी साजिश का मकसद शव को पानी के ऊपर आने से रोकना था, ताकि हत्या का राज लंबे समय तक छिपा रहे। हालांकि, समय बीतने के साथ शव ऊपर आने लगा और ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ गई, जिससे इस जघन्य हत्या का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है ताकि मौत के वास्तविक कारण, हत्या के तरीके और समय का स्पष्ट पता लगाया जा सके। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और एफएसएल सहित अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। बागोर थानाधिकारी बच्छ राज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि शोभाराम जैन क्षेत्र में लोगों को ब्याज पर रुपए उधार देने का कार्य करते थे। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि रुपए के लेन-देन, उधारी की वसूली या आर्थिक विवाद के चलते उनकी हत्या की गई हो सकती है। हालांकि पुलिस अभी सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले हर तथ्य की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव की पहचान होते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों और समाज के लोगों ने भी इस निर्मम हत्या पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल, मृतक के संपर्कों और आर्थिक लेन-देन की जानकारी खंगाल रही है। जिन लोगों से शोभाराम जैन का हाल के दिनों में संपर्क हुआ था, उनसे भी पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी का कहना है कि हत्या पूरी योजना के साथ की गई प्रतीत होती है और जल्द ही इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पूरे बागोर और आसपास के क्षेत्र में इस जघन्य हत्याकांड को लेकर दहशत और चर्चा का माहौल है। सात दिन तक लापता रहने के बाद इस तरह शव मिलने से लोगों में भय व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी तथ्यों को जोड़कर हत्या के पीछे की साजिश और आरोपियों का खुलासा किया जाएगा।

# कारगिल विजय दिवस पर उलेला बना सेवा का संगम, 191 यूनिट रक्तदान कर युवाओं ने रचा नया कीर्तिमान

### रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने पहुंचे विधायक गोपीचंद मीणा, कहा– रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य

**उलेला** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर ग्राम उलेला स्थित देवनारायण भगवान मंदिर प्रांगण में आयोजित दूसरे विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रविवार को सेवा, समर्पण और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शिविर में क्षेत्रभर से पहुंचे युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा 191 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और दिनभर उत्साह का माहौल बना रहा। शिविर में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा भी पहुंचे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने रक्तवीरों का सम्मान किया और आयोजन समिति के इस सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित प्रथम शिविर में 180 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित हुआ था, जबकि इस वर्ष 191 यूनिट रक्त संग्रहित कर नया रिकॉर्ड बनाया गया। समिति ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों, सामाजिक संगठनों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनसेवा के अभियान लगातार जारी रहेंगे।



# अतिक्रमण रिपोर्ट में लापरवाही पर पटवारी हरदेव बैरवा बर्खास्त, विरोध में उतरा पटवार संघ...

## जांच अधिकारी ने आरोप प्रमाणित नहीं माने, लेकिन कलेक्टर ने जताई असहमति बहाली की मांग

### सोमवार को ज्ञापन और मांग नहीं मानी तो बुधवार से जिलेभर में हड़ताल की चेतावनी..

स्मार्ट हलचल





**शाहपुरा** तत्कालीन पटवारी हरदेव लाल बैरवा को अतिक्रमण की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं करने के मामले में राजकीय सेवा से बर्खास्त किए जाने के बाद भीलवाड़ा जिले के कानूनगो एवं पटवारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने विभागीय जांच, उपलब्ध अभिलेखों, दस्तावेजों, लिखित जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के बाद राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-16 के तहत बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है। दूसरी ओर राजस्थान कानूनगो एवं पटवार संघ जिला शाखा भीलवाड़ा ने इस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए तत्काल पुनर्विचार और बहाली की मांग की है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार हरदेव लाल बैरवा तत्कालीन समय में शाहपुरा तहसील के पटवार हल्का गिरड़िया में कार्यरत थे। उनके विरुद्ध 4 जनवरी 2024 को विभागीय आरोप पत्र जारी किया गया। आरोप था कि ग्राम नृसिंहपुरा की बिलानाम सरकारी भूमि की आराजी संख्या 527, रकबा 5.79 हेक्टेयर में खरीफ संवत 2080 के दौरान लगभग 0.05 हेक्टेयर भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के संबंध में राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा-91 के तहत तैयार की जाने वाली अतिक्रमण रिपोर्ट नियत समय पर तहसील कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई। आदेश में इसे राजकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता माना गया। आरोप पत्र 15 जनवरी 2024 को हरदेव बैरवा को तामील कराया गया। उन्होंने 18 जनवरी 2024 को अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करते हुए सभी आरोपों का खंडन किया। इसके बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर शाहपुरा ने उपखंड अधिकारी शाहपुरा को जांच अधिकारी तथा तहसीलदार शाहपुरा को विभागीय पैरोकार नियुक्त कर विस्तृत जांच कराई। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2079 में इसी सरकारी भूमि पर हुए एक अन्य अतिक्रमण के विरुद्ध धारा-91 की कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जा चुका था। बाद में कालू काना पिता रंगनाथ कालबेलिया द्वारा लगभग 0.05 हेक्टेयर भूमि पर नया अवैध अतिक्रमण किया गया। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि तत्कालीन पटवारी ने सभी गांवों का मौका निरीक्षण कर अतिक्रमण रिपोर्ट तैयार कर ली थी, लेकिन वह रिपोर्ट तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किए जाने से पहले ही संबंधित घटना घटित हो गई। इसी आधार पर जांच अधिकारी ने आरोपों को प्रमाणित नहीं माना। पटवार संघ के जिला अध्यक्ष बलवीर चौधरी और जिला कानूनगो संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र पारीक का कहना है कि धारा-91 के तहत अतिक्रमण रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त तक तहसील कार्यालय में प्रस्तुत की जाती है। संघ का दावा है कि संबंधित घटना रिपोर्ट प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तिथि से पहले ही घटित हो गई थी। इसलिए इस आधार पर बर्खास्तगी की कार्रवाई उचित नहीं है और आदेश का पुनरावलोकन कर हरदेव लाल बैरवा को पुनः सेवा में लिया जाना चाहिए। इसके बाद 16 जुलाई 2026 को हरदेव बैरवा को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया। हालांकि जिला कलेक्टर ने जांच अधिकारी की रिपोर्ट, अभिलेखों, दस्तावेजों, लिखित जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई का परीक्षण करने के बाद जांच अधिकारी के निष्कर्ष से असहमति व्यक्त की। कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी पटवारी की प्राथमिक जिम्मेदारी अपने क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होने देना तथा कब्जा होने पर राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा-91 के तहत तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करना है। आदेश में उल्लेख है कि ग्राम नृसिंहपुरा की उक्त भूमि पर अतिक्रमण की रिपोर्ट समय पर तहसील में प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण अवैध कब्जा बना रहा और उसी स्थान पर निर्मित कोयला भट्टी में एक नाबालिग की हत्या कर शव जलाने जैसी गंभीर घटना हुई। इसी आधार पर हरदेव बैरवा को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

**सोमवार को सौंपा जाएगा ज्ञापन, मांग नहीं मानी तो बुधवार से हड़ताल**

उधर राजस्थान कानूनगो एवं पटवार संघ जिला शाखा भीलवाड़ा की जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में इस कार्रवाई का कड़ा विरोध किया गया। बैठक में जिलेभर से आए कानूनगो एवं पटवारियों ने सर्वसम्मति से बर्खास्तगी के निर्णय को एकतरफा बताते हुए तत्काल पुनर्विचार कर हरदेव बैरवा की सेवा बहाल करने की मांग की। संघ ने निर्णय लिया है कि सोमवार को जिले की सभी उपशाखाओं के माध्यम से संबंधित उपखंड अधिकारियों के जरिए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि ज्ञापन के बाद भी प्रशासन द्वारा पदच्युति के आदेश का पुनरावलोकन कर हरदेव बैरवा को पुनः सेवा में नहीं लिया गया, तो बुधवार से भीलवाड़ा जिले के सभी पटवारी एवं कानूनगो पूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे। हड़ताल होने पर नामांतरण, सीमांकन, गिरदावरी, फसल खराबा सर्वे, भूमि रिकॉर्ड संशोधन सहित अन्य राजस्व कार्य प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही निकट भविष्य में आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविर एवं फॉलो-अप कैंपों पर भी असर पड़ने की संभावना है। संघ ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति में आमजन को होने वाली असुविधा और प्रशासनिक कार्यों में आने वाले व्यवधान की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# डॉ. अम्बेडकर मित्र परिषद खटीक समाज भीलवाड़ा द्वारा 10वां निशुल्क स्टेशनरी वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

### 55 छात्र छात्राओं को स्टेशनरी और 15 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-राजेन्द्र खटीक।** भीलवाड़ा/डॉ. अम्बेडकर मित्र परिषद, खटीक समाज भीलवाड़ा के तत्वावधान में रविवार को राधा कृष्ण मंदिर, खटीक समाज में 10वां निशुल्क स्टेशनरी वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खटीक समाज के 10वी व 12वीं कक्षा में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ खेलों में राज्य स्तर एवं नेशनल स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का भी विशेष सम्मान किया गया। इस वर्ष समाज की 55 जरूरतमंद छात्र व छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी किट वितरित की गई, जिससे वे अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से कर सकें। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं भामाशाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम डॉ. अम्बेडकर मित्र परिषद के अध्यक्ष महावीर खोईवाल ,रणजीत खोईवाल, सचिव विनोद पटेल, कोषाध्यक्ष राजकुमार खोईवाल, गोविंद खोईवाल, राजू खोईवाल, सुनील चावला, जसवंत खोईवाल, परमेश्वर खोईवाल, राधेश्याम चंदेल,जगदीश खोईवाल,सुनील सोलंकी, खटीक समाज महिला शक्ति संगठन की अनीता पहाड़िया सहित समाज के अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है। निशुल्क स्टेशनरी वितरण और प्रतिभा सम्मान से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी डॉ अम्बेडकर मित्र परिषद खटीक समाज की तरफ से अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ भीलवाड़ा के चुनाव सम्पन्न



स्मार्ट हलचल


आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ भीलवाड़ा के चुनाव आज एकीकृत आयुष चिकित्सालय में संपन्न हुए जिसमें सभी पदाधिकारीयों का निर्विरोध निर्वाचन। निर्वाचन अधिकारी डॉ सत्य नारायण शर्मा के अनुसार जिला अध्यक्ष पद पर डॉ सतीश शर्मा, राजपत्रित अधिकारी संघ प्रतिनिधि के लिए डॉ संजय नागर और महा समिति सदस्य हेतु डॉ श्याम सुंदर स्वर्णकार एवं डॉ विनीत कुमार जैन को सभी ने निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि पर्यवेक्षक के रूप में सहायक निदेशक एवं जिला अध्यक्ष आयुर्वेद चिकित्सक संघ ब्यावर के डॉ चेतन प्रकाश सेन के पर्यवेक्षण में चुनाव सम्पन्न हुए। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रभारी डॉ जी एल शर्मा, डॉक्टर संजय शर्मा, सहायक निदेशक भीलवाड़ा डॉ रामस्वरूप शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, डॉ ज्ञानेंद्र गोयल, डॉ दीपिका व्यास, डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा, डॉ हरीश केडिया, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, डॉ गणेश नागर एवं आदि उपस्थित रहे। सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही पदाधिकारियों ने संगठन के दायित्व को पूर्ण करने की शपथ पूर्वक घोषणा की।

# प्रांतीय तैलिक साहू महासभा जिला कार्यकारिणी का विस्तार

## शंकर लाल गेरोटिया वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष,श्याम लाल बाथरा जिला महामंत्री लालाराम ढाकरिया जिला उपाध्यक्ष व जगदीश चंद्र गुटकणिया जिला संगठनमंत्री नियुक्त

स्मार्ट हलचल









**भीलवाड़ा-राजस्थान** प्रांतीय तैलिक साहू महासभा-जयपुर द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में भीलवाड़ा जिला (शहर) कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र आसरवा ने तीन समाजसेवियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। जिलाध्यक्ष के द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार भवानी नगर निवासी शंकर लाल गेरोटिया को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, दादाबाड़ी निवासी श्याम लाल बाथरा को जिला महामंत्री तथा शास्त्री नगर निवासी लालाराम ढाकरिया को जिला उपाध्यक्ष व ज्योतिनगर निवासी जगदीश चंद्र गुटकणिया को जिला संगठनमंत्री नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से तेली समाज के कार्यकर्ताओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महासभा द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने तेली समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। प्रांतीय महासभा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, सक्रियता और समाजसेवा की भावना से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा भीलवाड़ा जिले में महासभा की गतिविधियों का प्रभाव और विस्तार होगा।

ब्यावर सदर पुलिस का 'एरिया डोमिनेशन' अभियान

# अवैध बजरी-पत्थर से भरे डंपर व ट्रैक्टर जब्त, 12 आरोपी गिरफ्तार




स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एक दिवसीय विशेष 'एरिया डोमिनेशन' अभियान के तहत ब्यावर सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने अवैध खनन पर शिकंजा कसते हुए अवैध बजरी और पत्थरों से भरे वाहनों को जब्त किया है। साथ ही, लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों और शांतिभंग करने वालों समेत कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**अवैध खनन पर कड़ा प्रहार**

कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने अवैध खनन के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए अवैध बजरी से भरा एक डंपर और अवैध पत्थर से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।

**वर्षों से फरार वारंटी और आरोपी दबोचे**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी (पुलिस निरीक्षक) गजराज व उनकी टीम ने दबिश देकर वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया:

05 वसूली वारंट निस्तारित: 5 वसूली वारंट में वांछित आरोपी अमरा पुत्र नारायण मेहरात (निवासी रतनपुरा घाटा) को गिरफ्तार किया गया।

02 स्थाई वारंट निस्तारित: 2 स्थाई वारंट में वांछित आरोपी दीपक नायक उर्फ दीपू (35) पुत्र जौहरीलाल नायक (निवासी रहमानखेड़ा) को दबोचा गया।

अन्य गिरफ्तारियां: गिरफ्तारी वारंट के तहत 8 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2 आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

एसपी रतन सिंह ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# पत्थरों से भरे ट्रैक्टरों ने बिगाड़ी किसानों की राह :किरखेड़ा का इकलौता कच्चा रास्ता दलदल बना,पैदल चलना भी मुश्किल



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप ।** पंचायत क्षेत्र की बेसवारी रड़ी के पास स्थित किरखेड़ा गांव को जोड़ने वाला इकलौता कच्चा मार्ग इन दिनों पूरी तरह बदहाल हो चुका है।किसानों का आरोप है कि इस मार्ग से लगातार पत्थरों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही के कारण सड़क दलदल में तब्दील हो गई है।हालात ऐसे हैं कि अब इस रास्ते से दुपहिया वाहन निकालना तो दूर,पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है।ग्रामीणों के अनुसार इसी मार्ग के आसपास दो दर्जन से अधिक किसानों के खेत स्थित हैं,जहां वे प्रतिदिन खेती-बाड़ी के लिए आते-जाते हैं।लेकिन सड़क की बदहाली के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बरसात के चलते रास्ते में कीचड़ और गहरे गड्ढे बन गए हैं,जिससे कई बार वाहन फंस जाते हैं और लोग गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है।किरखेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला यही एकमात्र संपर्क मार्ग है।इसके बावजूद दिन-रात सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पत्थर भरकर इसी रास्ते से गुजर रही हैं।भारी वाहनों के लगातार दबाव से कच्ची सड़क पूरी तरह उखड़ गई है और जगह-जगह दलदल बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह प्रभावित हो सकता है।ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जाए,ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके।उनका कहना है कि वर्षों से उपेक्षित इस सड़क की ओर जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा,जबकि रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन इसी रास्ते से होता है।

# भीलवाड़ा में रक्त मित्र समूह के नए अध्यक्ष बने समाजसेवी मोहम्मद रफ़ीक खान

### सिरत सराय में सम्मान समारोह, रक्तदान शिविर बढ़ाने का संकल्प



**भीलवाड़ा ।** रक्त मित्र समूह, भीलवाड़ा के नए अध्यक्ष के रूप में समाजसेवी मोहम्मद रफ़ीक खान का सर्वसम्मति से चयन किया गया। रविवार सुबह सिरत सराय में आयोजित सम्मान समारोह में समूह के रक्तमित्रों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम की शुरुआत में नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद रफ़ीक खान का माला, साफा और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। रक्त मित्र समूह के सदस्य मुकीम खान ने कहा कि यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं है, बल्कि कौमी खिदमत, इंसानियत और निस्वार्थ सेवा के जज़्बे को सलाम करने का अवसर है। जो लोग अपना पूरा जीवन समाज और इंसानियत की भलाई के लिए समर्पित करते हैं, उनका सम्मान करना हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। मुकीम खान ने आगे कहा कि रक्त मित्र समूह की पहचान सिर्फ रक्तदान तक सीमित नहीं है। साथियों का सम्मान करना, एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़े रहना और सेवा करने वालों का हौसला बढ़ाना भी हमारी परंपरा रही है। नव नियुक्त अध्यक्ष मोहम्मद रफ़ीक खान ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सभी रक्तमित्रों के सहयोग से आने वाले समय में जिले में अधिक से अधिक रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर मदद मिल सके। उन्होंने निस्वार्थ सेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया। इस अवसर पर मुकीम खान,इमरान खान, मोइनुद्दीन खान,ज़ाहिद खान,असलम खान,इमरान कायम खानी ,मुनव्वर खान,रमजान खान कायमखानी,हनीफ खान,शाहरुख मंसूरी सहित रक्त मित्र समूह के बड़ी संख्या में रक्तमित्र उपस्थित रहे।

# संसार को नहीं, स्वयं को जीतने वाला बनता है जिनेश्वर परमात्मा : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** संसार पर विजय प्राप्त करना संभव है, लेकिन अपने मन, इंद्रियों, इच्छाओं और विकारों को जीतना अत्यंत कठिन है। जिनेश्वर परमात्मा ने किसी बाहरी शक्ति या व्यक्ति को पराजित नहीं किया, बल्कि भीतर के विषय-विकारों, राग-द्वेष और कषायों पर विजय प्राप्त कर जिनेश्वर पद पाया।यह विचार शांतिभवन में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी ने रविवार को 'नमो जिनाणं, जिय भयाणं' के सामूहिक जाप के पश्चात आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। युवाचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य जब तक बाहरी विषयों और आकर्षणों से जुड़ा रहता है, तब तक उसकी आंतरिक साधना प्रभावी नहीं हो सकती। इंद्रियां अपने विषयों की ओर आकर्षित होती हैं और यही आकर्षण राग- द्वेष, मोह तथा कषायों को जन्म देता है। इसलिए परमात्मा ने पहले इंद्रियों और विषयों के आकर्षण को साधा, फिर भीतर के विकारों पर विजय प्राप्त की।उन्होंने कहा कि आत्मविजय की यात्रा बाहर से भीतर की ओर जाने वाली आध्यात्मिक यात्रा है। तीर्थंकर परमात्माओं द्वारा राजपाट, सुख-सुविधाओं और वैभव का त्याग कर संयम एवं प्रव्रज्या स्वीकार करना इसी आत्मसाधना का प्रमाण है। यदि सांसारिक आकर्षणों के बीच पूर्णतः निर्विकार रहना सहज होता, तो उन्हें राजवैभव त्यागने की आवश्यकता नहीं पड़ती। युवाचार्यश्री ने कहा कि तीर्थंकरों का त्याग संसार से पलायन नहीं, बल्कि चेतना को बाहरी विषयों से हटाकर आत्मस्वरूप की ओर मोड़ने का पुरुषार्थ था। उन्होंने बाहरी सुखों का त्याग कर आत्मचेतना जागृत की और संसार के समक्ष मुक्ति का मार्ग प्रस्तुत किया। 'जिय भयाणं' का अर्थ समझाते हुए उन्होंने कहा कि इसका भाव केवल बाहरी भय से बचना नहीं, बल्कि भय के मूल कारणों पर विजय प्राप्त करना है। परिस्थितियां अनुकूल होने के बाद भी मनुष्य भीतर से आशंकित रह सकता है, लेकिन जिसने मन, इच्छाओं, आसक्तियों और विकारों को साध लिया, उसके भीतर भय का आधार समाप्त होने लगता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा साधना के मार्ग पर जितना भीतर बढ़े, उतना ही उनका आत्मसामर्थ्य प्रकट हुआ। आत्मविजय के साथ निर्भयता बढ़ती गई। भय का वास्तविक अंत परिस्थितियां बदलने से नहीं, बल्कि चेतना जागृत करने से होता है। युवाचार्यश्री ने कहा कि स्वयं पर विजय की दिशा में बढ़ने वाले व्यक्ति के भीतर सहज प्रसन्नता का उदय होता है। यह धन, पद, प्रतिष्ठा या बाहरी उपलब्धियों से मिलने वाला क्षणिक आनंद नहीं, बल्कि भीतर के संघर्ष, विकारों और अस्थिरता को साध लेने से प्राप्त स्थायी आनंद है। परमात्मा के आभामंडल से अनुभव होने वाला आह्लाद इसी आंतरिक प्रसन्नता की अभिव्यक्ति है। जिसने स्वयं को जीत लिया, उसका आनंद व्यक्तित्व और व्यवहार के माध्यम से दूसरों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि भयभीत व्यक्ति भीतर से सिकुड़ता और स्वयं को छिपाने लगता है। भय उसके व्यक्तित्व और चिंतन को संकुचित कर देता है। इसके विपरीत सद्वृत्ति वाला व्यक्ति प्रकाश-अंधकार, एकांत और सार्वजनिक जीवन—हर परिस्थिति में अपने स्वभाव में स्थिर रहता है। भय व्यक्ति को छिपाता है, जबकि आत्मविजय उसे सहज और निर्भय बनाती है। युवाचार्यश्री ने कहा कि परमात्मा और महापुरुषों ने आत्मशुद्धि के अनेक साधन दिए हैं। आवश्यकता केवल उन्हें जानने की नहीं, बल्कि जीवन में उतारने की है। आत्मविजय, इंद्रिय-संयम, निर्भयता, आंतरिक प्रसन्नता तथा सभी जीवों के प्रति क्षमा और मैत्री का भाव मनुष्य को बहिरात्मा से अंतरात्मा और अंततः परमात्मा की ओर अग्रसर करता है। धर्मसभा से पूर्व संतवृंद एवं साध्वीवृंद ने सामूहिक जाप कराया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। शांतिभवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि सोमवार से प्रतिदिन सुबह 8:45 से 10 बजे तक युवाचार्यश्री एवं साध्वीवृंद के प्रवचन होंगे। वहीं, तपस्या के क्रम में धर्मचक्र तप भी प्रारंभ होगा।

# निकाय व पंचायती राज चुनावों के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान...

**ब्यावर।** संगठन की मजबूती और आगामी नगरीय निकाय व पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर रविवार को राधाकुंज गार्डन (देलवाड़ा रोड) में ब्यावर विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव व राजस्थान सहप्रभारी पूनम पासवान, जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी और जिला प्रभारी प्रतिष्ठा यादव सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, आगामी जनआंदोलनों की रूपरेखा तैयार करने और आगामी चुनावों में कांग्रेस की जीत






सुनिश्चित करने पर गहन मंथन किया गया।

**प्रमुख नेताओं के वक्तव्य:**

पूनम पासवान (एआईसीसी सचिव व राजस्थान सहप्रभारी): 'समर्पित कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सभी कार्यकर्ता अभी से जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय रहें और हर बूथ को मजबूत बनाएं।' किशोर चौधरी (जिलाध्यक्ष, ब्यावर): 'संगठन की एकजुटता ही हमारी ताकत है। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

प्रतिष्ठा यादव (प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी): उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, सक्रिय बूथ प्रबंधन और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया।

एडवोकेट अजय शर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष): 'कांग्रेस हमेशा जनहित के लिए संघर्ष करती रही है, और मजबूत संगठन ही जनता की आवाज प्रभावी ढंग से उठाने का माध्यम है।'

**प्रमुख उपस्थिति एवं समापन**

बैठक को विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, प्रदेश सचिव अर्चना सुराणा, खनन विभाग प्रदेशाध्यक्ष आशीष पाल पदावत सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य, अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारी, मंडल-बूथ अध्यक्ष और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता वृतंजय आर्य एवं जितेंद्र सिंह राजावत ने किया। अंत में जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने सभी का आभार जताया, जिसके बाद राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।

## चेक अनादरण के तीन मामलों में मनीषा छाबड़ा को एक वर्ष कारावास ओर जुर्माने की सजा



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** चेक अनादरण के तीन मुकदमों में कंपनी की डायरेक्टर मनीषा छाबड़ा पत्नी अमित छाबड़ा निवासी 2-एफ-4 न्यू हाऊसिंग बोर्ड भीलवाड़ा को एक वर्ष का कारावास ओर 14.93 लाख से अधिक के जुर्माने से एन आई एक्ट में सजा मिली है । विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट प्रकरण) क्रमांक-3, भीलवाड़ा ने चेक अनादरण (धारा 138, पराक्रम्य लिखत अधिनियम, 1881) के तीन अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए रियल रेडियंट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, भीलवाड़ा की डायरेक्टर मनीषा छाबड़ा को दोषी ठहराया है। न्यायालय ने प्रत्येक प्रकरण में मनीषा छाबड़ा को एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई तथा चेक राशि के आधार पर दोगुनी राशि तक के जुर्माने से दंडित किया। तीनों मामलों में कुल मिलाकर ?14,93,530 के जुर्माने का आदेश पारित किया गया। प्रकरणों के अनुसार, परिवादीगण महक इंटरप्राइजेज के अशोक कुमार जैन, प्रीति जैन और सांवरमल तेली द्वारा अभियुक्ता को विभिन्न अवसरों पर राशि उधार दी गई थी। उक्त देनदारी के निर्वहन के लिए अभियुक्ता द्वारा चेक जारी किए गए, किंतु बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत किए जाने पर सभी चेक अनादृत (Dishonoured) हो गए। वैधानिक नोटिस दिए जाने के बावजूद निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। विचारण के दौरान दोनों पक्षों द्वारा मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। उपलब्ध साक्ष्यों तथा रिकॉर्ड के परीक्षण के उपरांत न्यायालय ने अभियोजन के आरोपों को सिद्ध मानते हुए अभियुक्ता को दोषसिद्ध ठहराया तथा उपर्युक्त सजा एवं जुर्माने से दंडित करने का निर्णय पारित किया। यह निर्णय चेक अनादरण से संबंधित मामलों में वित्तीय लेन-देन की विश्वसनीयता तथा पराक्रम्य लिखत अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रागपुरा फ्लाईओवर पर खड़े कंटेनर से टकराई बाइक,



### दुर्घटना में गंभीर रूप से दो घायलों को चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर** विधानसभा क्षेत्र के पावटा उपखंड में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पावटा उपखंड क्षेत्र में प्रागपुरा फ्लाईओवर पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला और पुरुष की मौत हो गई। दोनों बहरोड़ की ओर से आ रहे थे। बाइक फ्लाईओवर पर खराब खड़े कंटेनर से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को तत्काल राजकीय उप जिला अस्पताल पावटा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रागपुरा थाना अधिकारी भजना राम ने बताया कि मृतकों की पहचान बहरोड़ क्षेत्र के गादोज निवासी अशोक (52) पुत्र लालाराम तथा कविता पत्नी राजपाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। मृतक अशोक के भाई पप्पूराम ने बताया कि परिवार में एक रिश्तेदार की डिलीवरी होने पर दोनों पावटा अस्पताल में मिलने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने घटनास्थल का मौका माय ना किया और अधिकारियों को पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मित्र की स्मृति में महा रक्तदान शिविर, 396 यूनिट रक्त संग्रह

# कारगिल विजय दिवस पर सेना के लिए रक्तदान का ऐतिहासिक संकल्प...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** मित्रता, समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणादायी संगम प्रस्तुत करते हुए ओम उज्ज्वल संस्थान द्वारा रविवार को पांसल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान ने अपने दिवंगत मित्र ओम अहीर की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित इस शिविर में 396 यूनिट रक्त एकत्र कर मानवीय सेवा का उल्लेखनीय उदाहरण पेश किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ हाथी भाटा आश्रम के महंत संत दास जी महाराज के सानिध्य में हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। संस्थान ने इस अवसर पर संदेश दिया कि दिवंगत प्रियजनों की स्मृति को समाज सेवा और किसी जरूरतमंद का जीवन बचाकर सदैव जीवंत रखा जा सकता है।



**कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना के सम्मान में ऐतिहासिक घोषणा**

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर ओम उज्ज्वल संस्थान ने भारतीय सेना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया। संस्थान के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से घोषणा की कि– 'भारतीय सेना को जब भी और जहाँ भी रक्त की आवश्यकता होगी, ओम उज्ज्वल संस्थान के स्वयंसेवक अपने निजी खर्च पर वहाँ पहुँचकर रक्तदान करेंगे।' संस्थान के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनके सर्वोच्च बलिदान के प्रति यह संकल्प हमारी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मित्र की स्मृति में आयोजित यह रक्तदान शिविर तथा सेना के प्रति संस्थान की यह प्रतिबद्धता समाज को सेवा और राष्ट्रप्रेम की नई प्रेरणा देगी।

**रक्तदाताओं का किया सम्मान**

शिविर के दौरान रक्तदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, सुवाणा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, मांडल मंडल अध्यक्ष भेरूलाल गाडरी, पूर्व प्रधान गोपी सारस्वत, सत्यनारायण पारीक, गोपालनाथ, जिला मंत्री लादूलाल जाट एवं सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर के सफल आयोजन पर ओम उज्ज्वल संस्थान ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों की टीम तथा सहयोगियों को स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में संस्थान के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी समाज सेवा और मानव कल्याण के ऐसे अभियान निरंतर संचालित करता रहेगा।

## कोटड़ी में रविन्द्र मुनि का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आज

### मेवाड़ गौरव एवं प्रखर वक्ता पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि जी म.सा. के स्वागत को लेकर तैयारिया पूर्ण ,

सुबह 9 बजे निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**कोटड़ी।** धर्मनगरी कोटड़ी में सोमवार को एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनेगी, जब मेवाड़ गौरव एवं प्रखर वक्ता परम पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि जी महाराज साहब अपने दीक्षा जीवन के 24वें चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर पूरे जैन समाज सहित क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल है। मंगल प्रवेश के तहत सुबह 9 बजे भगवानपुरा मार्ग स्थित पारस वाटिका से विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर सदर बाजार स्थित शीतल भवन पहुंचेगी, जहां मंगलपाठ के साथ गुरुदेव का प्रवेश होगा। इसके पश्चात श्री



चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में धर्मसभा आयोजित की जाएगी। पूज्य श्री रविन्द्र मुनि जी महाराज साहब का यह जीवन का 24वां चातुर्मास है। उन्होंने अब तक मेवाड़, मारवाड़ एवं मालवा के अनेक नगरों में धर्मप्रभावना करते हुए हजारों श्रद्धालुओं को धर्म, संयम, संस्कार और सदाचार की प्रेरणा दी है। उनकी ओजस्वी एवं प्रभावशाली वाणी के कारण वे देशभर में 'मेवाड़ गौरव' और 'प्रखर वक्ता' के रूप में विशेष पहचान रखते हैं। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, स्वाध्याय, तप-आराधना, धर्मसभा, युवा एवं महिला प्रेरणा कार्यक्रम तथा विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, श्री शीतल वेणी मोहन चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना, श्री यश सिद्ध महिला मण्डल के अध्यक्ष अंजू लोढा एवं श्री महावीर नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष ऋषभ लोढा सहित विभिन्न समितियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंगल प्रवेश एवं धर्मसभा का लाभ लेने की अपील की है।

## राजेंद्र मेड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नवयुवक कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी** मेड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की एक बैठक में राजेंद्र सोनी को समाज की नवयुवक कार्यकारिणी का अध्यक्ष मनोनीत किया मेड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नवयुवक अध्यक्ष राजेंद्र सोनी मथानिया वाले को बनाया गया चुनाव प्रभारी तरुण सोनी ने बताया समाज की बैठक में स्वर्णकार अध्यक्ष दीपक सोनी नाथू लाल सोनी अशोक सोनी सर जगदीश सर सत्यनारायण सोनी जयपुर वाले अनिल सोनी दिनेश सहारा हरीश सोनी बिहारी सोनी प्रमोद सोनी लोकेश सोनी आदि उपस्थित थे

### राजस्थान पुलिस का जनविश्वास अभियान

# अजमेर में वरिष्ठजनों तक पहुंची पुलिस, जयपुर की कच्ची बस्तियों में महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक

## डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में 'महिला सुरक्षा संकल्प' एवं जनसंपर्क अभियान के तहत समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही पुलिस

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित 'महिला सुरक्षा संकल्प' एवं सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत राजस्थान पुलिस लगातार समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर सुरक्षा, विश्वास और जागरूकता का संदेश दे रही है। इसी क्रम में अजमेर में वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित किया गया, वहीं जयपुर के ज्योति नगर थाना क्षेत्र की कच्ची बस्तियों में महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अजमेर जिले में पुलिस अधीक्षक श्री हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में चलाए जा रहे 'वरिष्ठ जन संबल कार्यक्रम' के तहत पुलिस अधिकारियों ने एकाकी रह रहे वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्ग दंपत्तियों



के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना, उनकी समस्याएं सुनीं तथा हरसंभव पुलिस सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्हें साइबर अपराधों से बचाव, आपातकालीन हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी देने के साथ सुरक्षित जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। पुलिस की इस संवेदनशील पहल से वरिष्ठ नागरिकों में सुरक्षा एवं आत्मीयता की भावना और मजबूत हुई। वहीं जयपुर पुलिस थाना ज्योति नगर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (स्त्रुष्ट्रङ्क) जिज्ञासा पूनिया एवं थानाधिकारी गुंजन सोनी के नेतृत्व में कच्ची बस्ती में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, महिला एवं बाल अधिकारों तथा आपातकालीन हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं और बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा साइबर ठगी की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। राजस्थान पुलिस का यह अभियान केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों तक पहुंचकर उनमें सुरक्षा, विश्वास और पुलिस के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करने का भी सशक्त प्रयास है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों ने पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे समाज और पुलिस के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बताया।

## शाहपुरा के एडवोकेट विनोद सनाढ्य बने विहिप के सह जिला मंत्री-विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** विश्व हिंदू परिषद, चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक फतेहनगर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी छह माह की कार्ययोजना और नए दायित्वों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान विभिन्न जिलों एवं प्रखंडों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अजित जोशी ने बताया कि प्रांतीय बैठक प्रत्येक छह माह में आयोजित की जाती है। इसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ प्रखंड स्तर तक संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने पर विचार-विमर्श किया जाता है। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार शाहपुरा के एडवोकेट विनोद सनाढ्य को विश्व हिंदू परिषद का सह जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं



रूपेश सेन (बिगोद) को बजरंग दल जिला संयोजक तथा महावीर खटीक (मांडलगढ़) को सह जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया। नई जिम्मेदारियों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा सेवा, सुरक्षा और संस्कार आधारित गतिविधियों को गति देने पर भी जोर दिया गया। प्रांतीय बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।

## देवशयनी एकादशी पर गोविंददेवजी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, 'हाथी घोड़ा पालकी... जय कन्हैया लाल की' से गूंजा मंदिर परिसर

### 500 किलो आम से सजी आकर्षक झांकी के हुए दर्शन, श्रीहरि ने बदली लय; चातुर्मास के साथ आज से साधना और संयम का विशेष काल शुरू

**जयपुर।** देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर जयपुर स्थित ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी महाराज में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ठाकुर श्रीजी के दर्शन के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर भक्तों से गुलजार रहा और चारों ओर 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की', 'जय जय गोविंद' और 'राधे-राधे' के जयघोष गूंजते रहे। देवशयनी एकादशी के अवसर पर मंदिर में ठाकुर श्रीजी की विशेष पूजा-अर्चना, पंचामृत अभिषेक और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी जी के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रीजी को



लाल रंग की नटवर वेश पोशाक, आकर्षक अलंकार, मुकुट और छड़ी धारण कराई गई। इस अवसर पर भगवान श्री शालिग्राम जी को चांदी के रथ पर विराजमान कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में करीब 500 किलो आम से सजी विशेष झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। आमों से सजी इस मनोहारी झांकी के दर्शन के लिए भक्तों में विशेष उत्साह नजर आया। पूजा के बाद ठाकुर श्रीजी को ऋतु फलों और विभिन्न दालों का भोग अर्पित किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और इसी के साथ चातुर्मास का प्रारंभ माना जाता है। 25 जुलाई से शुरू हुआ यह पवित्र काल देवउठनी एकादशी तक चलेगा। इस दौरान विवाह सहित कई मांगलिक कार्यों पर विराम रहता है, जबकि जप, तप, व्रत, दान और साधना का विशेष महत्व माना जाता है। इस तरह देवशयनी एकादशी के साथ धार्मिक जीवन का एक नया चरण शुरू होता है– श्रीहरि विश्राम पर और भक्त साधना के पथ पर।

# राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की प्रांतीय महिला बैठक उदयपुर में संपन्न

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की प्रांतीय महिला बैठक रविवार, 26 जुलाई 2026 को उदयपुर में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, समाज जागरण तथा समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महिला प्रमुख श्रीमती नलिनी मेहता ने नारी सुरक्षा, लव जिहाद जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने समाज की मातृशक्ति से संगठित रहकर परिवार एवं समाज में जागरूकता का वातावरण बनाने तथा संगठन को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। अखिल भारतीय ग्राम विकास सह प्रमुख डॉ. राधिका लड्ढा



ने आगामी फरवरी में होने वाली जनगणना के संदर्भ में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जनजाति समाज को अपनी धार्मिक पहचान के संबंध में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि जनगणना के दौरान जनजाति समाज अपने धर्म के रूप में हिन्दू का ही उल्लेख करे तथा अन्य धर्म (ORP) श्रेणी में स्वयं को दर्ज न कराए। साथ ही उन्होंने जनजाति क्षेत्रों की समस्याओं एवं चुनौतियों के समाधान में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका पर भी प्रकाश डाला। बैठक में जगदीश कुलमी ने महिलाओं के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास के महत्व पर अपने विचार रखते हुए ग्राम स्तर तक संगठन, सेवा और संस्कार आधारित गतिविधियों को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रांत महिला प्रमुख श्रीमती सुगना देवी मीणा एवं सह-प्रांत महिला प्रमुख श्रीमती सविता देवी खराड़ी की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में राजस्थान के 18 जिलों से 46 महिला कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर संकल्प व्यक्त किया।

# एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में खीरी पुलिस का बड़ा अभियान, एक दिन में 62 वांछित और वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में अपराधियों और न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी अभियुक्तों के खिलाफ खीरी पुलिस ने शनिवार को व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद की विभिन्न थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान के दौरान 62 वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसएसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी/पश्चिमी) एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों की निगरानी में चलाए गए अभियान में हत्या के प्रयास, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, दहेज उत्पीड़न, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम,




धोखाधड़ी, चेक बाउंस, मारपीट एवं बलवा जैसे गंभीर मामलों में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंटों का तामील कराया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें संबंधित न्यायालयों में पेश किया गया।

**इन थानों में हुई सबसे बड़ी कार्रवाई**

अभियान के दौरान थाना हैदराबाद और मितौली पुलिस ने सर्वाधिक 7-7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मैगलगंज, खीरी और पढ़ुआ पुलिस ने 6-6, भीरा और धौरहरा ने 4-4, पलिया, खमरिया और फूलबेहड़ ने 3-3, जबकि ईसानगर, नीमगांव, फरधान और निघासन पुलिस ने 2-2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वहीं चंदन चौकी, सम्पूर्णानगर, शारदानगर, मोहम्मदी और गौरीफंटा थाना पुलिस ने एक-एक वारंटी को गिरफ्तार किया।

**गंभीर मामलों के आरोपी भी दबोचे गए**

अभियान के दौरान जिन मामलों में वारंट तामील कराए गए उनमें हत्या के प्रयास (धारा 307), दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, दहेज उत्पीड़न, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी, चेक बाउंस तथा मारपीट और बलवा जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

**अपराधियों के खिलाफ अभियान रहेगा जारी**

एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और न्यायालय से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय तक पहुंचाना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वांछित और वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

## राधेश्याम मंदिर गली में अधूरे निर्माण से बढ़ी परेशानी, बारिश में कीचड़ से राहगीर व श्रद्धालु परेशान

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान** भवानीमंडी। शहर के प्रमुख धार्मिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र राधेश्याम मंदिर की गली, जिसे सर्राफा बाजार के नाम से भी जाना जाता है, इन दिनों अधूरे निर्माण कार्य के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। गली में पेवर ब्लॉक हटाकर केबल लाइन डालने का कार्य किया गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद पेवर ब्लॉक दोबारा नहीं लगाए गए। इससे हल्की बारिश होते ही पूरी गली कीचड़ और फिसलन से भर जाती है। स्थानीय सर्राफ व्यवसायी दीपक सोनी ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से यही स्थिति बनी हुई है। थोड़ी सी बारिश में ही गली कीचड़ में बदल जाती है, जिससे दुकानों पर आने वाले ग्राहकों और राहगीरों को भारी परेशानी का



राधेश्याम मंदिर की गली सराफा मार्केट सड़क की हालत

सामना करना पड़ रहा है। कई ग्राहक और राहगीर फिसलकर गिर चुके हैं। उन्होंने बताया कि राधेश्याम मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग महिला एवं पुरुष फिसलन के कारण हादसे का शिकार होने की आशंका के बीच मंदिर तक पहुंच रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि सर्राफा बाजार शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र होने के साथ-साथ धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद केबल डालने के बाद सड़क को पूर्ववत नहीं किया गया, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द पेवर ब्लॉक दोबारा लगाकर सड़क को व्यवस्थित किया जाए, ताकि बाजार और मंदिर आने वाले लोगों को राहत मिल सके। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि कई बार समस्या सामने आने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कोटा में कांग्रेस का कैंडल मार्च बना विजय जुलूस, छात्रों के संघर्ष की जीत बताई आतोशबाजी कर जताई खुशी

स्मार्ट हलचल

**कोटाः** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह जी डोटासरा के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोटा देहात एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग जिलाध्यक्ष श्री गजराज सिंह के नेतृत्व में शनिवार रात्रि महावीर नगर हृद्धद्धहस्र पॉवर हाउस से घटोत्कच सर्किल तक आयोजित प्रस्तावित कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद विजय जुलूस में परिवर्तित हो गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे छात्रों और युवाओं के संघर्ष की जीत बताते हुए विजय जुलूस आतिशबाजी करते हुए हाथों में तिरंगे झंडे, मशाल लिए एवं बैनर लेकर जोरदार नारेबाजी के साथ ढोल नगाड़े के साथ आतिशबाजी करते हुए विजय जुलूस निकाला। इस दौरान शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करी! इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि NEET एवं CBSE परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में देशभर में छात्रों और युवाओं द्वारा उठाई गई आवाज़ तथा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जी के निरंतर सडक से संसद तक संघर्ष के परिणामस्वरूप यह फैसला सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह छात्रों के अधिकारों और लोकतांत्रिक संघर्ष की महत्वपूर्ण जीत है। और इसी के साथ-साथ विद्वान साइंटिस्ट सोनम वांगचुक के संघर्ष को भी सलाम किया इन युवाओं के लिए 28 दिन तक अनशन पर थे और जिला अध्यक्ष जी ने बताया कि यह लड़ाई यंही खत्म नहीं



होगी इसी जीत से सीख लेकर अब किसान मजदूर शोषित वंचित लोग भी संघर्ष करेंगे और इस सरकार को अपनी मांगे मंगवा कर रहेंगे कार्यक्रम में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री विक्रम स्वामी मुख्य वक्ता रहे, कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीसीसी सचिव क्रांति तिवारी,जिला परिषद सदस्य संभव वर्मा,लालचंद सैनी,मदन मोहन नगर,चंद्रशेखर चौधरी,राजेंद्र रेगर,यादराम मेघवाल एनएसयूआई जिला अध्यक्ष निरंजन योगी, एससी कांग्रेस देहात अध्यक्ष परसराम बैरवा ,धन्नालाल मेघवाल,महावीर नायक,अरविंद सिंह मंडल अध्यक्ष चेतन सोलंकी अशोक अखंड,रामस्वरूप मालव,सुनील पुंडरीवाल,गिर्राज लोदवाल, सुमित गुर्जर, देवलाल गुर्जर,हेमंत रेगर, कमलेश रेगर, मेघराज, रामराज यादव, भुनेश तिवारी,सत्यनारायण एडवोकेट, राजाराम मेरोठा,राजेंद्र पलसानिया रामसरूप मीणा, रवि बघेरवाल, उदयभान सिंह जोलपा आदि काँग्रेस नेता उपस्थित रहे!

## शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग की वारदातें, आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर,

### घर के बाहर खड़ी महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश

गंगापुर सिटी शहर में चेन स्नेचिंग की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे घर के बाहर खड़ी एक महिला के गले से बाइक सवार दो युवक सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की, लेकिन वे पकड़ में नहीं आ सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमलता गुप्ता शुक्रवार रात करीब नौ बजे अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और गले से एक तोले की सोने की चेन छीनने



का प्रयास किया। बदमाशों ने कानों से कुंडल खींचने का भी प्रयास किया, लेकिन महिला जमीन पर गिर गई, जिसके कारण कुंडल बच गए। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी करणसिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रेमलता गुप्ता नगर परिषद गंगापुर सिटी के पूर्व आयुक्त एवं वर्तमान में नाथद्वारा नगर पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल की मा है। पूर्व में भी रेलवे स्टेशन बजरिया में हो चुकी है चेन स्नेचिंग: शहर में यह चेन स्नेचिंग की कोई पहली वारदात नहीं है। इससे पूर्व रेलवे स्टेशन बजरिया क्षेत्र में भी एक व्यक्ति के गले से बदमाश चेन तोड़कर ले गए थे। इस घटना को लेकर व्यापारियों की ओर से पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी की गई थी। इसके बावजूद अब तक उस मामले में भी आरोपियों के पकड़े नहीं जाने की बात सामने आ रही है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से शहरवासियों और व्यापारियों में पुलिस गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि पूर्व की चेन स्नेचिंग की घटनाओं में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो बदमाशों के हौसले बढ़ सकते हैं। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से पूर्व की घटनाओं सहित ताजा वारदात के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और शहर के प्रमुख बाजारों व संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## सेवा कार्यों के साथ मनाया गया पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा का जन्मदिन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन सशक्त करने का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**सावर** पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर सावर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा, समर्पण और संगठन के संदेश के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए। जन्मोत्सव के तहत केक काटकर खुशी मनाई गई तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। वहीं गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाकर सेवा कार्य किए गए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और डॉ. शर्मा के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र शर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं समाजसेवियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सम्मानित अतिथियों में रमेशचंद्र त्रिवेदी, पेंशनर



समाज अध्यक्ष महेंद्र राव, रघुवीर सिंह राठौड़, सूरजकरण मालावत, मांगीलाल धोबी, पोखरराम कांसोटिया, अमरपाल चौहान, लालाराम गुर्जर, मनीषा मीणा सहित अन्य वरिष्ठजन शामिल रहे। इस दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल माली एवं महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कांसोटिया ने डॉ. रघु शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं से बिना किसी भेदभाव के आमजन की सेवा करने और सावर से लेकर पूरे केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही जनता की आवाज़ को प्रभावी ढंग से उठाने का आधार है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में अकबर अली बागवान, सुरेश जांगिड़, गोपाल तेली, हेमचंद कहार, उम्मेद सिंह दिदावत, मथुरा चौहान, राजीव कहार, विनोद पंवार, जगन्नाथ खटीक, चांदमल खटीक, भरत धोबी, पांचू कुम्हार, महेश जैन, लड्डूराम कहार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा सिंह यादव ने किया।

## शौंच के लिए गई 11 वर्षीय मासूम से छेड़छाड़ शोर मचाने पर चप्पल तौंलिया छोड़ भागा आरोपी मुकदमा दर्ज

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू /फतेहपुर** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम मानवीय संवेदनाओं को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है खेत की तरफ शौंच के लिए जा रही 11 वर्षीय नाबालिक किशोरी को गांव का रहने वाला एक युवक हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया किशोरी के शोर मचाने के कारण आरोपी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका और मौके पर अपने चप्पल और तौलिया छोड़कर रफ्फू चक्कर हो गया पीडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पास्को एक्ट समेत गंभीर धाराओं के मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीडिता के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी 11 वर्षीय पुत्री शनिवार शाम लगभग 7:00 घर से खेतों की तरफ शौंच क्रिया के लिए जा रही थी रास्ते में गांव के ही रघुराज का 25 वर्षीय पुत्र हरिश्चंद्र ने मासूम को अकेला देखकर दबोच लिया आरोपी ने जबरन किशोरी का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें वह छेड़छाड़ करने लगा अचानक हुए इस हमले से मासूम सहम गई लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और शोर मचाना शुरू कर दिया किशोरी की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तभी आरोपी हरिश्चंद्र हड़बड़ाहट में अपनी चप्पल और तौलिया मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# चूक तो हुई : समय रहते संवाद होता तो संभल जाती स्थिति

(शाश्वत तिवारी)

आज आवश्यकता किसी की जीत या हार घोषित करने की नहीं, बल्कि ऐसी परीक्षा प्रणाली बनाने की है जिसमें प्रतिभा जीते, ईमानदारी जीते और भारत का युवा यह महसूस करे कि उसकी मेहनत सुरक्षित है। जब शासन सुनता है, तब लोकतंत्र मजबूत होता है। जब शासन केवल सुनाने लगता है, तब सड़कें बोलने लगती हैं। इसलिए समय की सबसे बड़ी मांग यही है, संवाद, संवेदनशीलता और संस्थागत सुधार।

**लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत 'संवाद' है।**

इस पूरे घटनाक्रम से सबसे बड़ा सबक यही मिलता है कि चूक हुई, और वह संवाद की चूक थी। यदि प्रारंभिक स्तर पर संवेदनशील बातचीत होती, यदि छात्रों की आशंकाओं का समय रहते उत्तर दिया जाता और यदि पारदर्शिता के साथ कार्रवाई दिखाई देती, तो शायद दिल्ली की सड़कें संघर्ष का प्रतीक न बनतीं।

दिल्ली की सड़कों पर उमड़ा छात्र आक्रोश, संसद की ओर बढ़ते हजारों युवाओं का मार्च, सोनम वांगचुक का लंबा आमरण



अनशन और पुलिस के साथ टकराव, ये घटनाएँ केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं हैं। ये उस गहरे असंतोष की अभिव्यक्ति हैं, जो वर्षों से देश की परीक्षा व्यवस्था, भर्ती प्रणाली और शासन की जवाबदेही को लेकर युवाओं के भीतर पनप रहा है। हाल के दिनों में NEET परीक्षा को लेकर उठे विवाद, विरोध-प्रदर्शन और संसद के मानसून सत्र से पहले हुए घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि संवाद समय पर न हो, तो लोकतंत्र में असंतोष सड़क पर उतर आता है।

भारत विश्व का सबसे युवा देश बनने की ओर अग्रसर है। देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है और हर वर्ष करोड़ों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। केवल NEET-UG ही देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें इस वर्ष भी लगभग 20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

यही कारण है कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता पर उठने वाला हर प्रश्न केवल एक परीक्षा का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि करोड़ों परिवारों के विश्वास का प्रश्न बन जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएँ पेपर लीक, नकल, तकनीकी गड़बड़ियों और भर्ती में विलंब के आरोपों से घिरी रही हैं। इससे युवाओं में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी वर्षों की मेहनत कुछ लोगों की बेईमानी की भेंट चढ़ सकती है।

लोकतंत्र में विरोध असामान्य नहीं होता। असामान्य तब होता है जब सरकार और जनता के बीच संवाद समाप्त हो जाए। यदि छात्रों की प्रारंभिक शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा होती, यदि पारदर्शी जांच की दिशा में विश्वास पैदा किया जाता, तो शायद स्थिति संसद मार्च तक नहीं पहुँचती।

यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी लोकतंत्र में हिंसा स्वीकार्य नहीं हो सकती। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, पुलिस पर हमला करना या कानून हाथ में लेना किसी भी आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करता है। लेकिन उतना ही आवश्यक यह भी है कि शांतिपूर्ण विरोध को केवल कानून-व्यवस्था का विषय मानकर दबाने का प्रयास भी लोकतांत्रिक समाधान नहीं हो सकता।

भारत का संविधान अनुच्छेद 19(1)(a) के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19(1)(b) के तहत शांतिपूर्ण एवं निरस्त्र सभा करने का अधिकार देता है। इन अधिकारों पर युक्तिसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, परंतु लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात से मापी जाती है कि सरकार आलोचना को सुनने का कितना साहस रखती है।

सोनम वांगचुक का आंदोलन भी इसी बहस का हिस्सा बन गया। उनके लंबे अनशन ने परीक्षा प्रणाली, युवाओं के भविष्य और जवाबदेही जैसे प्रश्नों को राष्ट्रीय विमर्श का विषय बनाया। हालिया घटनाक्रम में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, शिक्षा व्यवस्था में सुधार के आश्वासन तथा राजनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णयों ने यह संकेत दिया कि अंततः समाधान संवाद की मेज पर ही तलाशा गया।

भारत में पेपर लीक अब केवल एक आपराधिक कृत्य नहीं रह गया है, बल्कि यह एक संगठित आर्थिक अपराध का स्वरूप ले चुका है। जब प्रश्नपत्र करोड़ों रुपये में बिकने लगें और कुछ लोग लाखों विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फेर दें, तब यह केवल परीक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रतिभा के साथ विश्वासघात है।

सरकार ने हाल के वर्षों में पेपर लीक रोकने के लिए कानूनों को और कठोर बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। किंतु कानून तभी प्रभावी होगा जब उसके साथ निष्पक्ष जांच, त्वरित अभियोजन और दोषियों को समयबद्ध सजा भी सुनिश्चित हो।

दुनिया के कई देशों ने परीक्षा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापु...

## आदिवासी कांग्रेस राजस्थान ने टोंक जिला कार्यकारिणी की घोषणा-चंद्रमोहन मीणा बने जिला कोषाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** राष्ट्रीय अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रदेश आदिवासी कांग्रेस राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष एवं डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने टोंक जिला आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष फोजूराम मीणा की अभिशंसा पर नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोगरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें संगठन महासचिव सांवतराम मीना, उपाध्यक्ष रामलाल मीणा, सुवालाल मीणा, फोरूलाल मीणा, किरोड़ी लाल मीणा, हनुमान प्रसाद, कैलाश, भागचंद, रामअवतार (पूर्व फौजी), सुरेश कुमार,



मानसिंह, महासचिव सोहन पाल, मदन लाल, आसाराम, पंकज, कैलाश, धर्मराज, कृष्ण अवतार, रमेश, कन्हैया लाल, दिनेश कुमार, कजोड़, राजेन्द्र, रामकिशोर, भरत लाल, राम खिलाड़ी, सचिव रामजीलाल, रामफूल, बाबूलाल, महावीर, भोलूराम मीणा, किशन लाल, मोजीराम, कमलेश कुमार, रामअवतार, विनोद, आशाराम, घासीलाल, रामअवतार, मनराज, कमलेश, रामअवतार, बनवारी लाल, धर्मवीर, सीताराम मीणा सहित अन्य पदाधिकारी, कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन घासडी, सोशल मीडिया प्रभारी अरुण, प्रवक्ता राजाराम मीणा को नियुक्ति दी गई हैं। प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोगरा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइयों का सिलसिला जारी है।

## भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के विजय कुमार गुप्ता बने प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र चौधरी ने गंगापुर सिटी के विजय कुमार गुप्ता को राजस्थान प्रदेश का प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में विजय कुमार गुप्ता की समाजसेवा, व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता, संगठन के प्रति समर्पण तथा व्यापारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने उम्मीद जताई कि गुप्ता व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण



तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी रूप से उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पर अग्रवाल समाज जिला प्रवक्ता एवं समाजसेवी वेद प्रकाश मंगल, मनोहर गुप्ता पत्रकार, मदन मोहन गर्ग पत्रकार, थोक खाद्य पदार्थ एसोसिएशन अध्यक्ष स्वदेशी जागरण मंच के महेश गुप्ता सर्वेयर, अग्रवाल समाज महिला जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग, गोपाल गोशाला अध्यक्ष एवं मानव सेवा संस्थान के विजय गोयल सहित व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## सीएलजी बैठक में राजकॉप ऐप डाउनलोड कराया ,नशा व साइबर अपराध रोकने में सहयोग की अपील

स्मार्ट हलचल

**थांवला।** थांवला पुलिस थाना परिसर में डेगाना पुलिस उपाधीक्षक अजीत पाल की अध्यक्षता में सीएलजी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात सुरक्षा, नशा मुक्ति और साइबर अपराध की रोकथाम सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। डेगाना डिप्टी अजीत पाल ने बैठक में सभी सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्यों को राजकॉप



(RajCop) ऐप डाउनलोड करवाकर उसके उपयोग की जानकारी दी व दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और शराब या नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की।बैठक में अभिभावकों से बच्चों को नशे और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से दूर रखने, साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया गया। क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम, किसानों के जमीनी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान तथा गांवों व सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने सीएलजी, शांति समिति एवं युवाओं से अपराध नियंत्रण और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस दौरान सीएलजी सदस्य सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## विजय उत्सव पर पुष्कर सरोवर का दुग्धाभिषेक किया



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर/** पुष्कर के युवा,छात्र नेता व एनएसयूआई अध्यक्ष मधुसूदन पाराशर के नेतृत्व मे दोहरा विजय उत्सव पुष्कर सरोवर का दुग्धाभिषेक कर व कांग्रेस कार्यालय पर एक दूसरे को बधाई प्रेषित कर मिठाई बांटकर मनाया गया। पाराशर ने बताया कि प्रथम तो युवा छात्रों के प्रोटेस्ट व विपक्ष के नेताओ खास कर राहुल गाँधी द्वारा किये गए ।सड़क से लेकर संसद तक के संघर्ष के बाद शिक्षा मंत्री का इस्तीफे व दूसरा कारगिल विजय दिवस के रूप मे,इस अवसर पर पाराशर ने कहा कि हमारी सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद करने का दिन है। हमारे जांबाजों ने अत्यंत कठिन और दुर्गम परिस्थितियों का सामना करते हुए, जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की और हिमालय की ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीर जवानों को सादर नमन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश हमेशा हमारे वीर शहीदों का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर मधुसूदन पाराशर, वरिष्ठ,कांग्रेस नेता बेनिगोपाल मंत्री,हेमंत गुर्जर, भावेश पाराशर,मानव सेन,विनोद कुमार ,शनी नायक, महेश नायक, गोपाल मेघवंशी,रमेश,पंकज आदि युवा उपस्थित थे।

हमले का प्लान तैयार होने के बावजूद ट्रम्प ने सेना को रोका

# ट्रम्प ने ईरान में हो रहे हमलों पर लगाया ब्रेक, बोले- समझौता ही बेहतर विकल्प

● नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर पिछले 13 दिनों से लगातार जारी हमलों पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। लगभग दो हफ्तों से हर रोज हो रहे हमलों का ये पहला विराम है। नए हमले का प्लान तैयार होने के बावजूद ट्रम्प ने सेना को नए स्ट्राइक करने से मना कर दिया। अमेरिका का ध्यान अब वार्ता की ओर बढ़ रहा है। हालांकि जरूरत पड़ने पर अमेरिका ने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने की पूरी तैयारी कर रखी है।

यूएस मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, ट्रम्प ने कूटनीतिक कोशिशों को मौका देने, घटते मिसाइल रक्षा भंडार की चिंता और युद्ध ज्यादा बढ़ जाने के डर से ये फैसला लिया है। ट्रम्प का मानना है कि बड़े पैमाने पर युद्ध शुरू किए बिना सैन्य कार्रवाई अपनी हद तक पहुंच गई थी। वो कूटनीति के लिए रास्ता बनाना चाहते हैं, ताकि अगर बातचीत नाकाम हो तो कम समय में दोबारा हमले शुरू किए जा सकें।

पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि यूएस पूरी तरह से तैयार है, लेकिन उनका मानना है कि ईरान के साथ समझौता करना ज्यादा समझदारी होगी। उन्होंने कहा कि हम इस समय उनसे बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, वो इसे लेकर ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। हालांकि व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के डिनर में ट्रम्प ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान तुरंत समझौता करने के लिए तैयार है, लेकिन वो बातचीत जारी रखना चाहते हैं।



### मिसाइल रक्षा भंडार में गिरावट बनी पेंटागन की चिंता का सबब

हमला रोकने के पीछे दूसरा बड़ा कारण पेंटागन की मिसाइल रक्षा प्रणालियों के घटते स्टॉक को लेकर चिंता थी। एनवायटी की रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अभियान बढ़ाने से मिडिल-ईस्ट में तैनात पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों और दूसरे वायु रक्षा प्रणालियों का स्टॉक कम हो सकता है। जेसीओएस अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रम्प को बताया कि पेंटागन ने हाल के महीनों में 1,200 से ज्यादा पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। इससे अमेरिकी सैनिकों, सहयोगियों और सैन्य ठिकानों पर ईरानी जवाबी हमलों का खतरा बढ़ सकता।

## होर्मुज स्ट्रेट में हादसा: समुद्री माइन से टकराने के बाद ऑयल टैंकर में विस्फोट

**तेहरान, (आरएनएन)।** होर्मुज से गुजर रहे एक ऑयल टैंकर में समुद्री माइन से टकराने के बाद विस्फोट हो गया। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, टैंकर ईरान की ओर से तय किए गए समुद्री मार्ग से भटक गया था, जिसके बाद वह माइन से टकरा गया और उसमें धमाका हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा दुनिया के सबसे रणनीतिक और व्यस्त तेल व्यापार मार्गों में से एक होर्मुज में हुआ, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। हालांकि, इस घटना को लेकर अभी तक ईरानी अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इसलिए टैंकर में विस्फोट और उसके कारणों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। टैंकर की पहचान, उसमें मौजूद क्रू मेंबर्स, यह कहां जा रहा था और किस देश का था, इस घटना में किसी के हताहत होने संबंधी कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब खाड़ी क्षेत्र में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच पिछले कई महीनों से तनाव बना हुआ है। फरवरी में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद से ईरान ने प्रभावी रूप से होर्मुज को बंद कर रखा है, जिससे दुनिया के सबसे व्यस्त ऊर्जा व्यापार मार्गों में से एक पर समुद्री यातायात गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। होर्मुज वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए सबसे अहम समुद्री मार्गों में गिना जाता है।



# द्रास की धरती से राजनाथ सिंह ने चेताया

## पाक से अब सिर्फ पीओके पर बात होगी



### 27वां कारगिल विजय दिवस

● नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर करारा अटैक करते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति का हिस्सा बना चुका है। कारगिल विजय दिवस के मौके पर राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि पीओके के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर उसके साथ कोई बातचीत नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिस पर पाक ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। राजनाथ सिंह ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखाया है कि आतंकवाद के जरिए भारत को धमकाने की कोशिश करने वालों का क्या हश्र होगा।भारत, पाक की हर दुस्साहसपूर्ण हरकत का ऐसे तरीके से जवाब देने में सक्षम है जो उसकी कल्पना से भी परे है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत को भारत माता के मुकुट में जड़ा हीरा बताया।

### हम पाक की हर दुस्साहसपूर्ण हरकत का जवाब देने में सक्षम

ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि आतंकवाद के जरिए भारत को धमकाने की कोशिश करने वालों का क्या हश्र होगा। भारत और उसकी सशस्त्र सेनाएं पाक की हर दुस्साहसपूर्ण हरकत का ऐसे तरीके से जवाब देने में सक्षम हैं जो उसकी कल्पना से भी परे है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ उठाया गया कोई भी कदम उसी अंजाम तक पहुंचेगा। पाक पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भारत जहाजों का डिजाइन तैयार करने में जुटा है, तब पाक आतंकवाद की रूपरेखा बनाने में व्यस्त है। आज भारत डेटा सेंटर बना रहा है, जबकि पाकिस्तान कट्टरपंथ के केंद्र बनाने में लगा हुआ है।

# वेस्ट बैंक में बड़े ऑपरेशन की तैयारी में इजराइल

## प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने किया ऐलान

● तेल अवीव



इजराइल और फिलिस्तीन के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि इजरायल कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बड़े स्तर पर कार्रवाई के लिए तैयार है। उनके इस बयान को इलाके में सैन्य अभियान तेज करने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। अल जजीरा के मुताबिक, नेतन्याहू ने पत्रकारों से कहा कि सुरक्षा बलों को गांवों में जाने, तलाशी लेने, हथियार जब्त करने और लोगों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं. क्षेत्र में जारी छापों और हिंसक झड़पों के बीच यह रुख काफी सख्त माना जा रहा है।

वार्ता के दौरान यह बात जोर देकर कही गई कि आतंकी ठिकानों के खिलाफ इजराइल व्यापक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना का ध्यान इस समय पूरे इलाके में अपनी पकड़ मजबूत करने और सुरक्षा अभियानों को कड़ा करने पर केंद्रित है। नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की छापेमारी जारी है।

### इजराइली पीएम आज ट्रम्प से मिलने अमेरिका जाएंगे

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कैबिनेट की बैठक में अपनी आगामी यूएस यात्रा और ईरान सहित अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वह यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने और सांसद लिंडसे ग्राहम की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने सोमवार को वाशिंगटन रवाना होंगे।

इजराइली पीएम ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के अभियोजक की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट राजनीतिक और भ्रष्ट मंशा से प्रेरित थे। यूएस इस संस्था के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो दुनिया भर में लोकतांत्रिक देशों की संप्रभुता के लिए खतरा बन चुकी है। नेतन्याहू ने कहा कि आतंकियों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

# भीड़ में घुसा वाहन, एक की मौत, 29 घायल

**बर्लिन, (आरएनएन)।** जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित वार्षिक क्रिस्टोफर स्ट्रीट डे प्राइड इवेंट में एक तेज रफ्तार वाहन के भीड़ में घुसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 29 अन्य घायल हो गए। घायलों में कई की हालत बेहद नाजुक है।

### बर्लिन प्राइड इवेंट

घटना के बाद बर्लिन के टियरगार्टन पार्क और प्रसिद्ध ब्रांडेनबर्ग गेट के आसपास मची अफरा-तफरी के बीच सुरक्षा बलों ने पूरे कार्यक्रम को रद्द कर इलाके को खाली करा लिया है। जानलेवा हमले के संदिग्ध को रविवार को शहर के बाहरी इलाके में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली मारकर मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हमले के बाद लगभग 24 घंटे तक चली तलाश के उपरांत लेबनानी मूल के जर्मन नागरिक अब्दुल बल्लूट को पुलिस ने ढूंढ निकाला। बर्लिन प्राइड हमले का संदिग्ध व्यक्ति पहले इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह में शामिल होने की कोशिश कर चुका था।

# टायफून नॉल ने चीन एवं हांगकांग में मचाई भारी तबाही, 10 लोगों की मौत

## 7 लाख सुरक्षित निकाले, राहत के लिए 10 करोड़ युआन मंजूर

● बीजिंग

चीन के गुआंगदोंग प्रांत में रविवार को 'नौल' तूफान की दस्तक के बीच भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ की वजह से 10 लोगों की मौत हो गई। 30 लोग घायल है।

इस साल चीन से टकराने वाला 12वां और अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान 'नौल' शनिवार रात 3.50 बजे गुआंगदोंग के हुइझोउ शहर के तट से टकराया। इससे इलाके के बड़े हिस्से में तेज



हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। गांसू के एक पर्यटन क्षेत्र में भारी बारिश सेअचानक बाढ़ आने से 10 लोगों की मौत हो गई। 'नौल' तूफान के गुआंगदोंग पहुंचने के बाद रविवार को पूरे प्रांत में हाई-स्पीड रेल सेवाएं निलंबित की गईं जबकि कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। दक्षिणी चीन के बड़े हिस्से में भारी बारिश हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार शाम इस साल पहली बार किसी तूफान के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। तूफान में हवा की रफ्तार 162 किमी प्रति घंटा तक पहुंची, जो दो सप्ताह पहले पूर्वी और उत्तर-पूर्वी चीन से टकराए बावी तूफान से थोड़ी अधिक है। गुआंगदोंग में आपदा के बाद राहत, पुनर्वास कार्यों के लिए विभाग ने 10 करोड़ युआन (लगभग 1.47 करोड़ यूएस डॉलर) की मदद भी मंजूर की ।

# नेपाल का बड़ा फैसला, भारतीय करेंसी पर लगी रोक हटाई गई

## अब भारतीय-नेपाली नागरिक 200-500 के नए नोट 25,000 रु. तक ले जा सकेंगे

● काठमांडू

नेपाल ने भारतीय करेंसी के आने-जाने पर लगी पाबंदियों में ढील दी है। अब भारतीय और नेपाली नागरिक 9 नवंबर 2016 के बाद जारी किए गए 200 और 500 रुपये के भारतीय नोट अपने साथ ले जा सकते हैं। नेपाल राष्ट्र बैंक के मुताबिक, इन नोटों को प्रति व्यक्ति 25,000 रुपये की सीमा तक नेपाल में लाया या ले जाया जा सकता है।

नए नियमों के तहत दोनों देशों के नागरिक मौजूदा नियमों का पालन करते हुए मंजूर किए गए करेंसी नोट नेपाल ला सकते हैं। एनआरबी ने अपनी ताजा सूचना में साफ किया है कि 2016 में नोटबंदी से पहले जारी किए गए पुराने भारतीय करेंसी नोट नेपाल में बैन रहेंगे।

एनआरबी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत सिर्फ 9 नवंबर 2016 के बाद जारी किए गए नए डिजाइन वाले 500 रुपये और 200 रुपये के भारतीय नोटों को ही मंजूरी दी जाएगी। केंद्रीय बैंक ने शुरू में 11 फरवरी को नेपाल गजट में यह प्रावधान प्रकाशित किया था। हालांकि, गुरुवार को उसने एक और सूचना जारी करके इसके लागू होने की प्रक्रिया को साफ किया और सीमा पार करेंसी के लेन-देन से जुड़ी चिंताओं को दूर किया। एनआरबी के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने कहा कि नेपाली नागरिकों को भारत के अलावा किसी अन्य देश से नेपाल में भारतीय करेंसी लाने की इजाजत नहीं होगी।

# अब नेपाल में भी हुआ पेपर लीक

**काठमांडू, (आरएनएन)।** भारत में पेपर लीक मामले के बाद जेन जी आंदोलन खड़ा हो गया तो वहीं नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद पेपर लीक की रिपोर्ट आयी है। इस पर नेपाल पुलिस के सीआईबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह कई संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। वहीं, पेपर लीक की निष्पक्ष जांच के लिए त्रिभुवन विवि के परीक्षा नियंत्रण विभाग ने अच्युत ज्ञवाली की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जिसमें पुष्कर रैखाला और महेश राज ओझा शामिल हैं। समिति को सात कार्य दिवसों में विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। यहां के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित त्रिभुवन विवि की एमबीएस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का प्रश्नपत्र 24 जुलाई को अनधिकृत रूप से तब ऑनलाइन लीक कियाा था।

### कई संदिग्ध हिरासत में

# भारत की साइबर गवर्नेंस पर अब उठने लगे सवाल

## डीआरडीओ से दस्तावेज लीक के दावों से बड़ी चिंता

● तिरुवनंतपुरम

डीआरडीओ के संवेदनशील डिजाइन दस्तावेजों के लीक होने और प्रतिबंधित तकनीकी जानकारी के डार्क वेब पर उपलब्ध होने के दावों ने भारत के रणनीतिक क्षेत्रों में साइबर गवर्नेंस की समीक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।

इंजीनियरिंग फिजिसिस्ट और औद्योगिक साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ केएस मनोज ने अपने लेख साइबर गवर्नेंस : क्या यह चिंता का समय है? में कहा कि ऐसे मामलों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए, हालांकि बिना साक्ष्यों के केवल अटकलों पर भरोसा करने से बचना चाहिए।

मुख्य सवाल यह है कि सार्वजनिक रूप से सामने आये दस्तावेज असली हैं या फर्जी और यदि वे प्रामाणिक हैं तो वे नियंत्रित





माहौल से बाहर कैसे पहुंचे? उन्होंने ठेकेदारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में खामियों, अंदरूनी खतरों या संस्थागत सूचना शासन की कमियों को इसके संभावित कारण बताए

उन्होंने कुडनकुलम एटमीऊर्जा संयंत्र से जुड़े पिछले डेटा एक्सपोजर का हवाला देते हुए कहा कि संबंधित एजेंसियों को जनता का विश्वास बनाये रखने के लिए आधिकारिक और स्पष्ट रुख सामने रखना चाहिए। मनोज के अनुसार, भारत एआई, अंतरिक्ष, रक्षा प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और सेमीकंडक्टर निर्माण में तेजी से प्रगति कर रहा है।

# ओडेसा पोत हमले के बाद दो भारतीय लापता

**नई दिल्ली,(आरएनएन)।** यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर भारतीय चालक दल के चार सदस्यों को ले जा रहे एक वाणिज्यिक पोत पर हुए हमले के बाद से दो भारतीय नागरिक लापता हैं और दो अन्य सुरक्षित हैं। यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है।

भारत ने अपने नागरिकों को संघर्षग्रस्त काला सागर क्षेत्र में नाविकों के लिए बढ़ते सुरक्षा जोखिमों के प्रति आगाह किया है। दूतावास ने कहा कि वह एमवी जीएन राग्नार से जुड़ी इस घटना के बाद स्थिति पर लगातार नजर बनाये हुए है, जिस पर 25 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह पर हमला हुआ था।

# ब्राजील ने खारिज किया दो अमेरिकी अफसरों का वीजा

● रियो डी जनेरो / आरएनएन

ब्राजील ने दो यूएस अफसरों के वीजा एप्लीकेशन रिजेक्ट कर दिए हैं। क्योंकि डर था कि उनके दौरे से ब्राजील के चुनावी सिस्टम पर सवाल उठाने वाले समूह को समर्थन मिल सकता है। जिन दो यूएस अफसरों के वीजा को रिजेक्ट किया गया, उनमें स्टेट डिपार्टमेंट के ब्यूरो ऑफ डेमोक्रेसी, ह्यूमन राइट्स एंड लेबर के सहायक सचिव रिले एम. बार्न्स और उसी ब्यूरो के उपसहायक सचिव सैमुअल सैमसन थे। दोनों ने 20 जुलाई को ब्राजील सरकार को अपने वीजा एप्लीकेशन जमा किए थे, जिसमें वे पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के बेटे, राष्ट्रपति उम्मीदवार फ्लेवियो बोल्सोनारो, ब्राजील के सुपीरियर इलेक्टोरल कोर्ट के अधिकारियों और राइट विंग लोगों से मिलने की योजना बना रहे थे।



## ट्रम्प को झटका: मिड-टर्म चुनावों में मेल बैलेट नियम नहीं होंगे लागू

**वाशिंगटन, आरएनएन।** यूएस की संघीय अपील कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर लगी रोक बरकरार रखी है, जिसके तहत योग्य मतदाताओं की संघीय सूची बनाकर मेल बैलेट केवल उन्हीं लोगों को भेजे जाने थे। कोर्ट ने माना कि चुनावी नियम तय करने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं, बल्कि राज्यों और कांग्रेस के पास है। 23 राज्यों और डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया ने इस आदेश को असंवैधानिक बताते हुए कोर्ट में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि नवंबर में होने वाले मिड-टर्म चुनावों से पूर्व 23 यूएस राज्यों में मेल-इन वोटिंग पर प्रस्तावित पाबंदियों को लागू करने की कोशिश की जा रही थी।

### आज का इतिहास

- 1789: पहली संघीय एजेंसी 'द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स' की स्थापना।
- 1862: अमेरिकी शहर कैंटन में तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत।
- 1888: फिलिप प्राट ने पहले इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया।
- 1897: बाल गंगाधर तिलक पहली बार गिरफ्तार।
- 1935: चीन की यांग जी और होआंग नदी में बाढ़ से दो लाख लोगों की मौत।
- 1982: तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की लगभग 11 साल में पहली यूएस यात्रा।
- 1987: खोजकर्ताओं ने टाइटैनिक का मलबा खोजा।
- 1984: निशानेबाज जसपाल राणा ने विश्व शूटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

निगरानी — सैटेलाइट में एआई आधारित ऑनबोर्ड कंप्यूटर फिट है, जिससे यह कर सकेगा खोजबीन

# अंतरिक्ष मलबे पर 24 घंटे नजर रखेगा चीनी उपग्रह

● बीजिंग

चीन ने अंतरिक्ष मलबे का पता लगाने और चौबीसों घंटे उसकी निगरानी के लिए अपने पहले व्यावसायिक उपग्रह नेटवर्क की तैनाती शुरू कर दी है। सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, 120 उपग्रहों वाले गांदे कॉन्स्टेलेशन का पहला उपग्रह शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम चीन से लिजियान-1 वाणिज्यिक रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। इस उपग्रह में एआई आधारित ऑनबोर्ड कंप्यूटर लगाया गया है, जिससे यह धरती से न्यूनतम निर्देश के साथ निगरानी और खोजबीन कर सकेगा।



अंतरिक्ष मलबे से अभिप्राय पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगा रहे उन उपग्रहों से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। रॉकेट प्रक्षेपण, ग्रहों के मिशन और उपग्रहों की बढ़ती संख्या के साथ अंतरिक्ष मलबे की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका की ‍ स्पेसएक्स‍ कंपनी अपनी ‍ स्टारलिंक‍ प्रणाली और अन्य अमेरिकी अंतरिक्ष निगरानी कार्यक्रमों का विस्तार कर रही है। दूसरी ओर, चीन 2035 तक वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बनने के लक्ष्य के साथ अपनी क्षमताओं को तेजी से बढ़ा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह उपग्रह नेटवर्क उपग्रहों की अंतरिक्ष मलबे से टक्कर को रोकने, चीन के बढ़ते वाणिज्यिक उपग्रह बेड़े की सुरक्षा, अंतरिक्ष संबंधी स्वतंत्र निगरानी क्षमता को मजबूत करने और व्यावसायिक सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करेगा। साथ ही, अंतरिक्ष वातावरण में चीन की नागरिक और सैन्य क्षमताओं को भी मजबूती मिलेगी।

### स्पेस ट्रैफिक मैनेजमेंट की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम

गांदे कॉन्स्टेलेशन के सीई फान वेई ने कहा कि यह मिशन चीन की व्यावसायिक अंतरिक्ष मलबा निगरानी क्षमता की कमी को दूर करेगा और स्पेस ट्रैफिक मैनेजमेंट की दिशा में एक अहम कदम है। यह प्रोजक्ट को तीन चरणों में पूरा होगा और 2030 से पहले सभी 120 उपग्रह तैनात करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण, एलएक्स630 के तहत 14 उपग्रह स्थापित किए जाएंगे, जो पृथ्वी की निचली कक्षा (लो-अर्थ ऑर्बिट) में मौजूद वस्तुओं की व्यापक निगरानी और सूची तैयार करेंगे। इस प्रणाली को विकसित करने वालों के अनुसार, एआई आधारित ऑनबोर्ड कंप्यूटर उपग्रहों को नियमित निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया और तेजी से खोज-बीन जैसे कार्य न्यूनतम निर्देश के साथ करने में सक्षम बनाएगा। इनमें कक्षा बदलने की क्षमता भी होगी, जिससे वे नजदीक जाकर निरीक्षण और अन्य उन्नत अंतरिक्ष अभियानों को पूरा कर सकेंगे। विश्लेषकों का कहना है कि यह परियोजना केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन की अंतरिक्ष रणनीति का भी अहम हिस्सा है।

यूरोप के जंगलों में भीषण आग

# फ्रांस-स्पेन से 3.20 लाख लोग पलायन को मजबूर

● पेरिस/मैड्रिड

दक्षिणी यूरोप में लगातार फैल रही भीषण जंगल की आग के कारण फ्रांस और स्पेन में अब तक 3.20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस में बोर्डो के आसपास के पांच और गांवों में शनिवार रात निकासी के आदेश जारी किये गये, जिसके बाद 2.20 लाख लोगों को घर छोड़ने पड़े।

सूखी वनस्पति और तेज हवाओं के कारण क्षेत्र की मुख्य आग तेजी से फैल रही है। अब तक इस आग से क्षेत्र में लगभग 42,000 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो चुकी है। फ्रांस के



गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने रविवार को स्थिति को बेहद प्रतिकूल बताते हुए कहा कि गिरोंद क्षेत्र की आग शाम के समय अत्यंत भीषण और अप्रत्याशित हो गई थी, हालांकि देर रात इसकी तीव्रता कुछ कम हुई। आग मंगलवार को साउमोस कस्बे में शुरू हुई थी और सप्ताह के दौरान ले पोर्ज तथा लेज-कैप-फेरे क्षेत्रों तक फैल गई।

## नेपाल में भारतीय 200 और 500 नोटों को मिली वैधता, सीमा 25,000

### नौ नवंबर 2016 के बाद जारी नोटों पर लागू होगा नियम

**काठमांडू ।**

नेपाल ने नौ नवंबर 2016 के बाद जारी भारतीय 200 और 500 रुपये के नोटों को अपने देश में लाने और बाहर ले जाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, इसकी अधिकतम सीमा प्रति व्यक्ति 25,000 रुपये रखी गई है। इस कदम से भारत और नेपाल के बीच यात्रा तथा व्यापारिक लेनदेन और सुगम हो सकेंगे। भारत द्वारा 2016 में नोटबंदी किए जाने के बाद नेपाल में सिर्फ 100 रुपये के भारतीय नोटों को ही लाने-ले जाने की अनुमति थी। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने एक नया नोटिस जारी कर स्पष्ट किया कि नौ नवंबर, 2016 के बाद जारी 200 और 500 रुपये के भारतीय नोट अब 25,000 रुपये की सीमा के साथ मान्य होंगे। हालांकि, नौ नवंबर, 2016 से पहले जारी पुराने 500 और 1,000 रुपये के नोट नेपाल में प्रतिबंधित रहेंगे। एक एनआरबी प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि नेपाली नागरिक भारत के अलावा किसी अन्य देश से नेपाल में भारतीय मुद्रा नहीं ला सकते और न ही ले जा सकते हैं। यह नियम 11 फरवरी को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से पहले ही लागू कर दिया गया था, लेकिन केंद्रीय बैंक ने इसे दोहराकर क्रियान्वयन को और स्पष्ट किया है। इस नए प्रावधान से नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों तथा भारत के साथ व्यापार करने वाले नेपाली नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी, और सीमा पार लेनदेन अधिक सुगम हो सकेगा।

## चालू वित्त वर्ष में टाटा टेक्नोलॉजीज को बड़ी छलांग की उम्मीद

### वैश्विक ऑटो निर्माताओं के बढ़ते आउटसोर्सिंग और निवेश से कंपनी को सीधा लाभ

**नई दिल्ली।**

वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज को भरोसा है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 उसके लिए 'विकास का बड़ा साल' साबित होगा। कंपनी के एक मुख्य अधिकारी ने कहा कि दुनिया भर की वाहन विनिर्माता कंपनियां नए उत्पादों के विकास में निवेश बढ़ा रही हैं और अधिक कार्य बाहरी कंपनियों को सौंप रही हैं, जिसका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। अ धिकारी ने एक साक्षात्कार में बताया कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कई पूर्ण वाहन कार्यक्रम परियोजनाएं हासिल की हैं। इनमें टेनेको के साथ 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुबंध, एक जापानी ओईएम से पूर्ण वाहन इंजीनियरिंग और एक यूरोपीय लक्जरी वाहन निर्माता के साथ बहुवर्षीय समझौता शामिल है। उन्होंने मजबूत दो अंक की वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य पर विश्वास व्यक्त किया। उनके अनुसार वाहन विनिर्माता अब ब्रांड से जुड़े मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, शेष इंजीनियरिंग कार्य विशेषज्ञ कंपनियों को सौंप रहे हैं। उनका मानना है कि पूर्ण वाहन विकास की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनियां ही भविष्य में सर्वाधिक लाभ कमाएंगी। कंपनी ने पहली तिमाही में 1,664.6 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व हासिल किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 33.8 प्रतिशत अधिक है। हैरिस ने इसे 'बड़ी उपलब्धि' और मजबूत वृद्धि का संकेत बताया।

## टाटा कंज्यूमर की बढ़ती लागत, मुनाफे के बावजूद उत्पादों के दाम बढ़ने की संभावना

### टाटा टी, टेटली जैसे ब्रांड्स पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली ।**

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने संकेत दिया कि यदि इनपुट लागत में अस्थिरता बनी रहती है, तो वह अपने चुनिंदा उत्पादों की कीमतें बढ़ा सकती है। यह चेतावनी तब आई है जब कंपनी ने खाने-पीने की चीजों की दमदार बिक्री और ग्रामीण भारत की मजबूत मांग के कारण एक मजबूत तिमाही लाभ दर्ज किया है। कंपनी के एक कार्यकारी ने स्पष्ट किया कि कमोडिटी और पैकेजिंग की बढ़ती लागत मार्जिन पर दबाव डाल रही है, जिससे कीमतें बढ़ाना एक मजबूरी बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति ने व्यापार मार्गों को बाधित किया है और वैश्विक स्तर पर इनपुट लागत में वृद्धि की है। इसके अतिरिक्त, डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से यह दबाव और बढ़ गया है, जिससे भारतीय कंपनियों को अपने मार्जिन बचाने के लिए कीमतें बढ़ाने, पैक का आकार घटाने या लागत में कटौती जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं। 30 जून को समाप्त तिमाही में, टाटा कंज्यूमर का शुद्ध लाभ 28 फीसदी बढ़कर 4,027 करोड़ रुपये रहा, हालांकि यह विश्लेषकों के अनुमान (4,200 करोड़ रुपये) से थोड़ा कम था।

# कच्चा तेल, कंपनियों के परिणाम और भू-राजनीतिक तनाव तय करेंगे बाजार की चाल

### अमेरिकी फेडरल रिजर्व की महत्वपूर्ण बैठक पर रहेगी नजर, जो बाजार की दिशा तय करेगी




**मुंबई**

बीते सप्ताह पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव के चलते घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। बीएसई का सेंसेक्स पांच कारोबारी दिनों में 2,091 अंक लुढ़क गया। अब आने वाले सप्ताह में भी निवेशकों की नजर मुख्य रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, कंपनियों के तिमाही परिणामों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की महत्वपूर्ण बैठक पर रहेगी, जो बाजार की दिशा तय करेगी। पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के कारण लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए यह स्थिति चिंताजनक है, जिसके चलते बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में पांचों दिन गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका-ईरान के बीच संभावित तनाव आगे भी बाजार पर दबाव बनाए रख सकता है और निवेशक इस क्षेत्र की हर खबर पर पैनी नजर रखेंगे। आने वाले सप्ताह में कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम जारी होने हैं, जिनमें बीईएल, केनरा बैंक, कोल इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलएंडटी और एशियन पेंट्स जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। इन नतीजों से कंपनियों के वित्तीय स्वास्थ्य और भविष्य की आय का स्पष्ट संकेत मिलेगा, जो बाजार के रुख को प्रभावित करेगा। इसके अतिरिक्त, विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी महत्वपूर्ण रहेगा; उनकी बिकवाली या लिवाली बाजार की अस्थिरता को बढ़ा या घटा सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक के फैसलों पर भी बाजार की पैनी नजर रहेगी, खासकर ब्याज दरों को लेकर किसी भी संकेत का असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। तकनीकी रूप से निफ्टी के लिए 23,600 का स्तर एक महत्वपूर्ण सपोर्ट के रूप में काम कर रहा है। यदि यह स्तर टूटता है, तो बाजार में 23,300 से 23,450 तक की और गिरावट आ सकती है। वहीं ऊपर की ओर 24,000 का स्तर एक मजबूत प्रतिरोध बना हुआ है। कुल मिलाकर आगामी सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा कमजोर और सतर्क रहने की उम्मीद है।

## मनीपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज का खुल रहा आईपीओ, जीएमपी 50 रुपए पर पहुंचा

### रिटेल निवेशकों के लिए 29 जुलाई को खुलेगा, 31 तक लगा सकेंगे दांव

**नई दिल्ली।**

मनीपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने 560 रुपए से 590 रुपए प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। शुक्रवार को इसका ऐलान हुआ। इस आईपीओ पर दांव लगाने की सोच रहे निवेशकों के लिए अच्छी बात यह है कि ग्रे मार्केट में स्थिति अच्दी है, जिसकी वजह से पहले दिन ही पॉजिटिव लिस्टिंग की उम्मीद बंध गई है।मनीपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 29 जुलाई को खुल जाएगा। निवेशकों के पास 31 जुलाई तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका मिलेगा। इस आईपीओ का साइज 9275.22 करोड़ रुपए का है। कंपनी इश्यू के जरिए 13.56 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के जरिए 2.16 करोड़ शेयरों की बिक्री होगी। कंपनी ने 25 शेयरों का एक लॉट बनाया है, जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14750 रुपए का निवेश करना होगा। बता दें, कंपनी बीएसई और एनएसई दोनों जगह लिस्ट होगी। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को एक शेयर पर 56 रुपए की छूट दी है।मौजूदा बाजार की खराब स्थिति होने के बाद भी यह मेनबोर्ड आईपीओ ग्रे मार्केट में आईपीओ अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ग्रे मार्केट में शुक्रवार को यह 50 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड किया। आईपीओ का कम से कम 75 फीसदी हिस्सा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए अधिकतम 10 फीसदी हिस्सा और एनआईआई के लिए भी अधिकतम 10 फीसदी हिस्सा ही इश्यू का रिजर्व रहेगा।

## एचजेडएल चालू वित्त वर्ष में 50-60 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करेगी पूंजीगत निवेश

**नई दिल्ली,।**

मेटल किंग अनिल अग्रवाल की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) चालू वित्त वर्ष में करीब 50-60 करोड़ अमेरिकी डॉलर का पूंजीगत निवेश करेगी। कंपनी के सीईओ ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस निवेश का करीब 80 फीसदी हिस्सा पहले से चल रही परियोजनाओं पर खर्च किया जाएगा, जबकि 20 फीसदी राशि नई परियोजनाओं के लिए रखी गई है, जिनकी घोषणा जल्द की जाएगी।सीईओ ने बताया कि समूह की कुल परियोजना क्षमता 10 लाख टन है, जिसमें से 2.5 लाख टन क्षमता को पहले ही 12,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ मंजूरी मिल चुकी है। इनमें खनन और खनिजीकरण से जुड़े कार्य शामिल हैं। खनन संबंधी उपकरणों के ऑर्डर दिए जा चुके हैं और स्मेल्टर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जबकि मिलिंग और कन्संट्रेट से जुड़े ऑर्डर अभी जारी होने बाकी हैं।कंपनी के सीईओ ने कहा कि बाकी 6.5 लाख टन क्षमता के विस्तार के लिए भी लगभग इसी अनुपात में निवेश किया जाएगा। इसके लिए निवेश चरणबद्ध तरीके से अगले चार से पांच साल में किया जाएगा। इसके तहत कंपनी का औसत वार्षिक पूंजीगत व्यय 7-8 हजार करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में इस निवेश का केवल 15-20 फीसदी ही वास्तविक नकद खर्च के रूप में दिखाई देगा।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का मार्केट कैप 2.74 लाख करोड़ घटा

### एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा नुकसान, सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर फायदे में

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2.74 लाख करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट में एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा झटका लगा, जबकि सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) ही अपने

बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज कर सका। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,091.68 अंक टूट गया, वहीं एनएसई निफ्टी भी 566.85 अंक यानी 2.32 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

इस बिकवाली के माहौल में सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ,

जिसका बाजार पूंजीकरण 1,18,383.91 करोड़ रुपये घटकर 11,43,985.90 करोड़ रुपये रह गया। बैंक के शेयर में मार्जिन संबंधी चिंताओं के चलते 9.40 प्रतिशत की भारी गिरावट आई।

अन्य प्रमुख कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 65,429.82 करोड़ रुपये कम होकर 17,29,661.44 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 26,814.94 करोड़ रुपये घटकर 9,36,953.84 करोड़ रुपये पर आ गई

, जबकि बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 26,802.74 करोड़ रुपये घटकर 6,30,471.54 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को 15,116.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 5,33,007.56 करोड़ रुपये पर आ गया।

आईसीआईसीआई बैंक की हैसियत 6,223.84 करोड़ रुपये घटकर 10,28,217.93 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल का पूंजीकरण 6,021.64 करोड़ रुपये कम होकर 11,85,046.13 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 5,191.95 करोड़ रुपये घटकर 8,15,480.75 करोड़ रुपये पर आ गया।

# तेज प्रताप समेत छात्रों की गिरफ्तारी पर तेजस्वी का सरकार को अल्टीमेटम

### बोले- गिरफ्तार छात्रों को रिहा नहीं किया गया तो बिहारभर में होगा बड़ा आंदोलन

**पटना,।**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विदेश यात्रा से लौटते ही राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए मांग की कि गिरफ्तार छात्रों को तत्काल रिहा किया जाए और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। तेजस्वी यादव ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें तय समय में नहीं मानी गईं तो राजद पूरे बिहार में व्यापक आंदोलन शुरू करेगा।

पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि पटना सहित कई जिलों में छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज किया गया और बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों के साथ इस प्रकार का व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके अनुसार, सरकार को संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना चाहिए था।राजद नेता ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि अगले दिन तक छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी मामले वापस नहीं लिए गए और गिरफ्तार छात्रों को रिहा नहीं किया गया, तो उनकी पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। तेजप्रताप की गिरफ्तारी को तानाशाही बताया तेजस्वी यादव ने अपने बड़े भाई और राजद नेता तेज प्रताप यादव के खिलाफ दर्ज मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि तेज प्रताप यादव सहित कई विधायकों पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं, जिसे उन्होंने तानाशाही करार दिया। उनका कहना था कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप यादव को शनिवार को पटना में छात्र आंदोलन के समर्थन के दौरान पुलिस ने हिरासत में लिया था। हालांकि, उनके अधिवक्ता का दावा है कि गिरफ्तारी प्रदर्शन स्थल से नहीं, बल्कि एक शॉपिंग मॉल से की गई।

## आरबीआई लाएगा प्लास्टिक के नोट, 34 करोड़ पॉलीमर शीट्स के लिए टेंडर जारी

### टिकाऊपन और सुरक्षा की दिशा में नई क्रांति, बार-बार नए नोट छापने की आवश्यकता नहीं होगी



**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देश की मुद्रा प्रणाली में एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है, जिसके तहत जल्द ही प्लास्टिक (पॉलीमर) के नोट प्रचलन में आ सकते हैं। आरबीआई की सहायक कंपनी, भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल) द्वारा लगभग 34 करोड़ पॉलीमर शीट्स खरीदने के लिए जारी किया गया हालिया टेंडर इस ओर स्पष्ट संकेत देता है कि पारंपरिक कागजी नोटों का स्थान भविष्य में प्लास्टिक नोट ले सकते हैं। यह कदम चरणबद्ध तरीके से लागू होगा, जो 2012-13 में कुछ शहरों में परीक्षण की पूर्व योजना के अधूरे रहने के बाद अब साकार होता दिख रहा है। विश्लेषण दुनिया के कई देश पहले से ही प्लास्टिक नोटों का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं और अब भारत भी इस वैश्विक चलन का हिस्सा बनने की तैयारी में है। प्लास्टिक नोटों को अपनाने के पीछे कई ठोस कारण हैं। सबसे प्रमुख लाभ इनका अत्यधिक टिकाऊपन है; ये कागजी नोटों की तुलना में 2 से 6 गुना अधिक चलते हैं, पानी, गंदगी और फटने के प्रति अधिक प्रतिरोधी होते हैं। इससे आरबीआई को नोटों की छपाई, वितरण और नष्ट करने पर होने वाले सालाना हजारों करोड़ रुपये के खर्च में भारी कमी आएगी, क्योंकि बार-बार नए नोट छापने की आवश्यकता नहीं होगी। पिछले दस वर्षों में नोटों की छपाई पर 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुका है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी ये बेहतर विकल्प हैं, क्योंकि इनकी लंबी उम्र संसाधनों (कागज, स्याही, पानी, ऊर्जा) की खपत कम करती है और पुराने नोटों को आसानी से रीसाइकिल करके अन्य उपयोगी उत्पाद बनाए जा सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी प्लास्टिक नोटों को आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस करना आसान होता है, जिससे इनकी नकल करना बेहद मुश्किल हो जाता है और नकली नोटों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। आम जनता को भी फटे-गंदे नोटों से मुक्ति मिलेगी, क्योंकि ये नोट लंबे समय तक नए जैसे बने रहेंगे, जिससे उनके उपयोग का अनुभव बेहतर होगा।

# हिंदुस्तान जिंक की 5,000 करोड़ के पूंजीगत निवेश की योजना

**नई दिल्ली ।**

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) चालू वित्त वर्ष में करीब 50-60 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 5,000 करोड़ रुपये) का पूंजीगत निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस निवेश का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा पहले से चल रही परियोजनाओं पर खर्च किया जाएगा, जबकि 20 प्रतिशत राशि नई परियोजनाओं के लिए रखी गई है, जिनकी घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने बताया कि समूह की कुल परियोजना क्षमता 10 लाख टन है, जिसमें से 2.5 लाख टन (25 प्रतिशत) क्षमता को पहले ही 12,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ मंजूरी मिल चुकी है। इनमें खनन और खनिजीकरण से जुड़े कार्य शामिल हैं।मिश्रा के अनुसार, खनन संबंधी उपकरणों के ऑर्डर दिए जा चुके हैं और स्मेल्टर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जबकि मिलिंग और कन्संट्रेट से जुड़े ऑर्डर अभी जारी होने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि शेष 6.5 लाख टन क्षमता के विस्तार के लिए भी लगभग इसी अनुपात में निवेश किया जाएगा। इसके लिए निवेश चरणबद्ध तरीके से अगले चार से पांच साल में किया जाएगा। इसके तहत कंपनी का औसत वार्षिक पूंजीगत व्यय 7,000-8,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में इस निवेश का केवल 15-20 प्रतिशत ही वास्तविक नकद खर्च के रूप में दिखाई देगा। हालांकि, उन्होंने नई परियोजनाओं की समयसीमा या उनसे संबंधित वित्तीय ब्योरा नहीं दिया।वेदांता लि. की अनुषंगी हिंदुस्तान जिंस देश की प्रमुख जस्ता उत्पादक कंपनियों में से है। यह हाल के वर्षों में परिचालन के मोर्चे पर अपनी क्षमता बढ़ाने और दक्षता सुधारने के लिए लगातार निवेश कर रही है।यह जस्ता, सीसा और चांदी उत्पादन के मामले में अग्रणी कंपनियों में शामिल है। बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध हिंदुस्तान जिंक में वेदांता लिमिटेड की 60.71 प्रतिशत और केंद्र सरकार की 27.92 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## तेल-तिलहन बाजार में उठापटक, आयातकों की मजबूरी और त्योहारी मांग का असर

### पैसे की दिक्कतों के कारण आयातित तेलों की कीमत गिरी, वहीं घरेलू तेलों में मामूली सुधार



**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में विपरीत रुझान देखने को मिला। जहां वित्तीय दबाव झेल रहे आयातकों द्वारा लागत से नीचे बिकवाली के कारण आयातित खाद्य तेलों (सोयाबीन और पाम-पामोलीन) के दाम में गिरावट आई, वहीं आगामी त्योहारी मौसम की मांग ने घरेलू तेलों जैसे सरसों और मूंगफली को मामूली मजबूती दी। बाजार सूत्रों के अनुसार पिछले सप्ताह आयातित तेलों की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण आयातक की वित्तीय दिक्कतें रहीं। ये आयातक अपना माल जल्द खपाकर बैंक ऋण चक्र बनाए रखने के लिए सोयाबीन और पाम-पामोलीन तेल को लागत से भी कम दाम पर बेच रहे हैं। इसी क्रम में सोयाबीन प्लांट मालिक भी किसानों से सस्ते दाम पर सोयाबीन खरीदने की कोशिश में खरीद मूल्य घटा रहे हैं। इससे किसान अपनी आवक कम कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पहले बेहतर दाम मिल चुके हैं और अब वे सस्ते में बेचने से बचते हैं। इस दबाव ने भी सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम प्रभावित किए। कमोबेश पाम-पामोलीन का भी यही हाल रहा जिसे आयातक लागत से नीचे बेचते नजर आए। इसके विपरीत आने वाले जन्माष्टमी और रक्षा बंधन जैसे त्योहारों के लिए मिठाई और नमकीन निर्माताओं की निरंतर बढ़ती मांग ने घरेलू तेलों को सहारा दिया। इस वजह से सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन में सुधार देखा गया। नगण्य उपलब्धता के बावजूद औद्योगिक मांग बढ़ने से बिनौला तेल में भी मामूली तेजी दर्ज की गई।सरसों तेल दादरी 75 रुपये के मामूली सुधार के साथ 16,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 2,705-2,805 रुपये और 2,705-2,855 रुपये टिन (15 किलो) पर स्थिर बंद हुए।

## रेलवे की पहल से सशक्त होंगे दलित और आदिवासी उद्यमी

### वेंडर डेवलपमेंट मीट में स्थानीय विनिर्माण, सरकारी योजनाओं और रेलवे में कारोबार के अवसरों पर विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

**अहमदाबाद**

7 आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत (2047) के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप, अहमदाबाद मंडल के सामग्री प्रबंधन विभाग ने दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) के सहयोग से एक वेंडर डेवलपमेंट मीट कासफल आयोजन किया।

यह आयोजन समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, ज़मीनी स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और नीति निर्माताओं एवं छोटे व्यवसायियों के बीच की दूरी को कम करने के लिए एक रणनीतिक मंच साबित हुआ।

इस मीट का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों को भारतीय रेलवे में उपलब्ध विशाल खरीद और व्यावसायिक अवसरों के प्रति जागरूक करना था।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एससी/एसटी पृष्ठभूमि के कुल 55 उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रमुख गणमान्य और अधिकारियों की उपस्थितिकार्यक्रम में कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें शामिल हैंविहार ठाकर (वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, अहमदाबाद)स्वयंदीप सिंह (उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, साबरमती)नीरज कुमार (अध्यक्ष, डीआईसीसीआई गुजरात चैप्टर)उमेश शर्मा (सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ)डॉ. मुंजाल दवे (महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, अहमदाबाद)भूमिका पटेल (जीईएम बिजनेस एसोसिएट, गुजरात)इन अधिकारियों की उपस्थिति से प्रतिभागियों को सीधे बहु-विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।

## पश्चिम एशिया का बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव बाजार के लिए सबसे बड़ी चुनौती

### निफ्टी 24,000 के नीचे, अब निगाहें कच्चे तेल और तिमाही नतीजों पर

**नई दिल्ली ।**

पश्चिम एशिया का बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव बाजार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिसने कच्चे तेल की कीमतों को एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा दिया है। इस महीने अब तक 32 फीसदी महंगा हुआ कच्चा तेल भारत के लिए आयात बिल और महंगाई बढ़ाने की चिंता पैदा कर रहा है। इसके साथ ही, अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड की यील्ड 4.7 फीसदी के बहु-वर्षीय उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जिससे वैश्विक निवेशक जोखिम भरे उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित जगहों की तरफ रुख कर रहे हैं। इसका असर रुपये पर भी दिख रहा है, जो अपने सर्वकालिक निचले स्तर के करीब पहुंच रहा है। तकनीकी रूप से बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी का ढांचा कमजोर हुआ है। इसके लिए तत्काल सपोर्ट 23,600 के स्तर पर है, जिसके टूटने पर बिकवाली तेज होकर 23,300 तक जा सकती है। ऊपर की तरफ 24,000 का स्तर एक बड़ी रुकावट बना हुआ है, और जब तक यह पार नहीं होता, हर तेजी पर बिकवाली की रणनीति ही उचित रहेगी।

# अनाहत सिंह ने जूनियर स्क्वैश वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती

● खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, फाइनल में मिस्र की रुक्या सलेम को 3-0 से हराया






**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अनाहत सिंह जूनियर स्क्वैश वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इससे पहले 2005 में जोशना चिनप्पा फाइनल तक पहुंची थीं।शनिवार को खेले गए गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में टॉप सीड अनाहत ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त रुक्या सलेम को 11-3, 11-7, 11-9 से हराया। इसके साथ ही वे जूनियर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं।

- **मिस्र का 15 साल पुराना दबदबा खत्म** – गर्ल्स जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में 2011 से लगातार मिस्र की खिलाड़ी खिताब जीत रही थीं। अनाहत ने फाइनल में रुक्या सलेम को हराकर यह सिलसिला तोड़ दिया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और सिर्फ 2 गेम गंवाए।
- **जोशना चिनप्पा का 21 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा** – इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था, जब जोशना चिनप्पा फाइनल तक पहुंची थीं। अनाहत ने अब भारत को इस टूर्नामेंट का पहला गोल्ड दिलाया।
- **पिछले साल ब्रॉन्ज जीता था** – अनाहत ने पिछले साल जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

## प्रतिष्ठा सामंत वॉल्ट फाइनल में पहुंचीं, प्रणति नायक चूकीं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स की महिला जिम्नास्टिक स्पर्धा में भारत की 22 साल की प्रतिष्ठा सामंत ने वॉल्ट इवेंट के फाइनल में जगह बना ली। क्वालिफिकेशन में पश्चिम बंगाल की प्रतिष्ठा ने 13.025 अंक के साथ 5वां स्थान हासिल कर टॉप-8 में जगह बनाई। वहीं, भारत की अनुभवी जिम्नास्ट प्रणति नायक 12.555 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहीं और तीसरी रिजर्व खिलाड़ी बनीं। ईशिता रेवाले (11.725) 15वें तथा निष्का अग्रवाल (11.075) 19वें स्थान पर रहीं। ऑल-अराउंड में प्रतिष्ठा (42.250) 27वें और ईशिता (41.700) 28वें स्थान पर रहीं। दोनों फाइनल में नहीं पहुंच सकीं। टीम इवेंट में भारत 123 अंकों के साथ 9वें स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया (158.400) ने गोल्ड, कनाडा (157.300) ने सिल्वर और इंग्लैंड (154.300) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। बटरफ्लाई यूटीटीः यू मुंबा लगातार दूसरी बार फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन यू मुंबा टीटी ने गोवा में खेले गए बटरफ्लाई अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन-7 के दूसरे सेमीफाइनल में एचवीआर कोलकाता थंडरब्लेड्स को 8-3 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। कप्तान मनुष शाह और अन्ना हर्सी टीम की जीत के हीरो रहे। दोनों ने मिक्स्ड डबल्स में अंकुर भट्टाचार्जी और आयहिका मुखर्जी की जोड़ी को 3-0 से हराया। इसके बाद मनुष ने अंकुर को 2-0 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। अन्ना ने महिला एकल और मिक्स्ड डबल्स मिलाकर 6 में से 5 गेम जीते, जबकि मनुष ने अपने दोनों मुकाबलों के सभी 5 गेम जीते। रविवार को फाइनल में यू मुंबा का सामना डेम्पो गोवा चैलेंजर्स से होगा। मुकाबले का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर होगा।

### चाइना ओपन 2026

## यामागुची अकाने ने चेन युफेई को हराकर दूसरी बार जीता महिला एकल का खिताब




● **घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद नहीं टिक सकीं चेन** – दूसरे गेम में घरेलू दर्शकों के जोरदार समर्थन के बीच चेन युफेई ने कड़ी चुनौती पेश की। लेकिन यामागुची ने धैर्य और अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी और 44 मिनट में जीत दर्ज कर ली।

**टोक्यो (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की यामागुची अकाने ने बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में मेजबान चीन की चेन युफेई को सीधे गेमों में हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अकाने ने दूसरी बार चाइना ओपन का खिताब जीता और टूर्नामेंट के इतिहास में महिला एकल का खिताब जीतने वाली इकलौती जापानी खिलाड़ी बनी रहीं।

**सीधे गेमों में चेन युफेई को हराया** – चांगझोउ में खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व नंबर-3 यामागुची अकाने ने टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्वर्ण पदक विजेता और चीन की स्टार शटलर चेन युफेई को 21-18, 21-16 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

**शुरुआत में लड़खड़ाईं, फिर की दमदार वापसी** – लगातार छठे फाइनल में खेल रहीं दो बार की ओलंपियन यामागुची ने मुकाबले की शुरुआत धीमी की।

## जिम्बाब्वे पर सीरीज जीतते ही टीम इंडिया फिर बनी नंबर-1 टी20 टीम

### इंग्लैंड को छोड़ा पीछे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के साथ ही टीम इंडिया ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में फिर से नंबर-1 का ताज अपने नाम कर लिया है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर वापसी की है।

**भारत फिर बना दुनिया की नंबर-1 टी20 टीम** – आईसीसी की ताजा पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में भारत एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड ने हाल ही में घरेलू टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप कर नंबर-1 रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद भारत ने दोबारा पहला स्थान हासिल कर लिया। भारत मौजूदा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप चैंपियन भी है।

**इशान, तिलक और श्रेयस ने संभाली पारी** – दूसरे टी20 मुकाबले में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरुआती दो विकेट जल्दी गंवा दिए। इसके बाद इशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़कर पारी संभाली। श्रेयस के आउट होने के बाद इशान किशन और तिलक वर्मा ने तेजी से रन बटोरते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इशान ने 44 गेंदों में 81 रन बनाए, जबकि तिलक वर्मा ने सिर्फ 29 गेंदों में नाबाद 60 रन की विस्फोटक पारी खेली।

### इशान किशन ने बताया सफलता का मंत्र

मैच के बाद इशान किशन ने कहा कि शुरुआती विकेट गिरने के बावजूद उनका लक्ष्य घबराने के बजाय हालात को समझकर अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी करना था। उन्होंने कहा, दो विकेट जल्दी गिर गए थे, लेकिन नंबर-3 बल्लेबाज के तौर पर मेरा काम गेंद को देखकर अपना नैचुरल गेम खेलना था। हमें यह भी समझना था कि विकेट कैसा है और टीम के लिए कितना स्कोर सही रहेगा। इशान ने आगे कहा, मैं और श्रेयस अय्यर सिर्फ साझेदारी बनाना चाहते थे और पारी को अंत तक ले जाने की कोशिश कर रहे थे। खुशी है कि हम अपनी योजना को अच्छी तरह लागू कर पाए।

## सब-जूनियर पुरुष हॉकी में भारत की पाकिस्तान पर शानदार जीत

● **एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया**

**मस्कट (ओमान) (एजेंसी)।** भारतीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मस्कट में एफआईएच यूथ हॉकी5ह्य एशियन चैंपियनशिप 2026 के गोल्ड मेडल मैच में अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। रोमित पाल (5), कप्तान केतन कुशवाहा (12) और शाहरुख अली (13) के गोल की बदौलत भारत एशियन चैंपियन बना। इस जीत के साथ भारतीय पुरुष टीम ने एक शानदार और अजेय अभियान पूरा किया, वे एलीट पूल टेबल में भी शीर्ष पर रहे थे। फाइनल मुकाबले में भारत ने सटीक पासिंग और अनुशासित खेल के साथ शुरुआत में ही बढ़त बना ली। रोमित पाल (5) ने पहले हाफ में पाकिस्तानी गोलकीपर को छकाते हुए गोल किया और भारत को हाफ-टाइम तक 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ की शुरुआत में भारत ने अपना दबदबा और बढ़ाया। कप्तान केतन कुशवाहा (12) ने गोल किया और उसके तुरंत बाद शाहरुख अली (13) ने गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। पाकिस्तान ने मुहम्मद उस्मान (16) के जरिए एक गोल वापस किया, लेकिन भारतीय डिफेंस ने आखिरी मिनटों में मजबूती से खेलते हुए 3-1 से जीत पक्की की और ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल में पहुंचने की वजह से भारत और पाकिस्तान दोनों ही पहली बार होने वाले एफआईएच यूथ हॉकी5ह्य वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गए हैं। वहीं महिला प्रतियोगिता में भारतीय सब-जूनियर महिला टीम ने चीन के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि दोनों भारतीय टीमें मेडल के साथ घर लौटेंगी। दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन का जश्न मनाते हुए हॉकी इंडिया ने टीमों के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की।



### ट्रिनिडाड टेस्ट में वेस्टइंडीज की मजबूत शुरुआत

## वेस्टइंडीज ने पहले दिन 3 विकेट पर 194 रन बनाए

### कावेम हॉज 83 रन बनाकर नाबाद

**ट्रिनिडाड (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच ट्रिनिडाड के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान टीम ने मजबूत शुरुआत की। बारिश और खराब रोशनी से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 3 विकेट पर 194 रन बना लिए। कावेम हॉज 83 और शाई होप 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर चुके हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन सिर्फ 67 ओवर का खेल हो सका।

**चंद्रपॉल और जांगू के विकेट गिरे** – लंच के बाद पिच में नमी होने से तेज गेंदबाजों को मदद मिली। इसके बावजूद कावेम हॉज ने कुछ आकर्षक चौके लगाए और तगेनरायन चंद्रपॉल के साथ 50 से ज्यादा रन की साझेदारी की। कप्तान बाबर आजम ने आमेर जमाल को गेंद थमाई और उन्होंने अपने पहले ही ओवर में चंद्रपॉल को स्लिप में सलमान आगा के हाथों कैच करा दिया। इसके बाद आमिर जांगू को मोहम्मद अब्बास ने डीआरएस की मदद से एलबीडब्ल्यू आउट किया। 106 रन तक वेस्टइंडीज के 3 विकेट गिर चुके थे।

**हॉज-होप ने संभाली पारी, चौथे विकेट के लिए 88 रन जोड़े** – तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद कावेम हॉज और शाई होप ने पारी संभाली।



### ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में पहला टेस्ट, सोबर्स को श्रद्धांजलि

ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में पहली बार टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पिछले सप्ताह निधन वाले महान क्रिकेटर सर गारफील्ड सोबर्स की याद में एक मिनट का मौन रखा। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों और अंपायरों ने काली पट्टी बांधकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

● **अब्बास ने कसी गेंदबाजी की, 23 रन पर पहला विकेट** – बारिश के कारण सुबह के सत्र में सिर्फ 14.1 ओवर का खेल हो सका। वेस्टइंडीज ने इस दौरान 23 रन बनाए और एक विकेट गंवाया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की। उन्होंने शुरुआती 7 ओवर में 5 मेडन डाले। दबाव में आए ब्रैंडन किंग बाहर जाती गेंद पर कट लगाने की कोशिश में बोल्ड हो गए। इसके बाद तेज बारिश शुरू होने से अंपायरों ने समय से पहले लंच की घोषणा कर दी।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा मेडल

## वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह ने सिल्वर जीता, पैरा पावरलिफ्टिंग में आ चुका है एक ब्रॉन्ज

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का दूसरा मेडल मिल गया है। ऋषिकांत सिंह ने गेम्स के चौथे दिन मेंस वेटलिफ्टिंग की 60 केजी कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने कुल 264 केजी वजन उठाकर दूसरा (स्नैच 121 केजी और क्लीन एंड जर्क 143 केजी)। इससे पहले मेंस पैरा पावरलिफ्टिंग में झंडू कुमार ने ब्रॉन्ज जीता था। भारत अब 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज के साथ मेडल टेबल में 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 12 गोल्ड सहित 23 मेडल के साथ पहले नंबर पर है। दिनभर में कुल 14 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें सबसे ज्यादा 9 स्विमिंग और पैरा स्विमिंग, 3 वेटलिफ्टिंग और 2 आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स में होंगे।

**वेटलिफ्टिंग में तीन भारतीयों पर नजर** – ऋषिकांत सिंह का वेटलिफ्टिंग मेंस 60 किग्रा का इवेंट जारी है। इसके बाद शाम 5ः30 बजे मीराबाई चानू महिला 49 किग्रा फाइनल में गोल्ड के लिए मुकाबला करेंगी। रात 11 बजे एम राजा पुरुष 65 किग्रा फाइनल में हिस्सा लेंगे। मीराबाई चानू ने 2020 टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। तब कोविड की वजह से मास्क पहना था।

**जिम्नास्टिक्स में कई मुकाबले** –जिम्नास्टिक में शाम 4ः30 बजे योगेश्वर सिंह और तपन मोहंती पुरुष ऑल-अराउंड फाइनल खेलेंगे। वहीं रात 10ः30 बजे महिला ऑल-अराउंड फाइनल होगा।

■ **लॉन बॉल्स में भारतीय जोड़ी हारी** – भारत को विमेंस पेयर्स लॉन बॉल्स में नामीबिया से टाई-ब्रेक में हार का सामना करना पड़ा। टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड को हराना होगा। रूपा रानी तिर्की और पिंकी सिंह की जोड़ी के लिए यह मुकाबला करो या मरो का होगा। इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जगह बना लेगी और मेडल की उम्मीदें बरकरार रहेंगी।




### स्नैच के बाद स्टैंडिंग

- *भारत- ऋषिकांत सिंह - 121केजी*
- *मलेशिया-अनीक कसदान - 121केजी*
- *केन्या- जोहुसा मबोया - 115 केजी*

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com